卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 170 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦27 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## षष्ठम नवरात्र





**मां कात्यायनी मां दुर्गा की छठी विभूति हैं ।शास्त्रों के मुताबिक जो भक्त दुर्गा मां की कात्यायनी की आराधना करते हैं मां की कृपा उन पर सदैव बनी रहती है।**

# धमकी-रामनगर खालिस्तान का हिस्सा

## खालिस्तान के समर्थन में झंडे लगाने की धमकी से मचा हड़कम्प, डीजीपी ने दिये जांच के आदेश

रामनगर (उद संवाददाता)। प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू ने रामनगर में होने वाली जी20 बैठक को लेकर धमकी दी है। पन्नू की रिकॉर्डेड आवाज में इस तरह के धमकी वाली कॉल रविवार शाम को कई नंबरों पर आई। इसमें पन्नू ने रामनगर को खालिस्तान का हिस्सा बताते हुए बैठक के दौरान वहां खालिस्तान के समर्थन में झंडे लगाने की बात कही है। यह कॉल सबसे ज्यादा मीडिया और सरकारी कर्मचारियों को आए हैं। मामला संज्ञान में आते ही डीजीपी अशोक कुमार ने इसकी जांच के



आदेश दिए हैं। विभिन्न नंबरों की जांच में एसटीएफ को लगाया गया है। रामनगर में तीन दिन 28 से 30 मार्च को जी20 बैठक में 20 देशों के नेता हिस्सा ले रहे हैं। इसके लिए पुलिस ने भी खासी तैयारियां की हैं। इसी बीच रविवार को पन्नू की इस तरह की धमकी भरे कॉल से एकाएक हलचल शुरू हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्यमंत्री को भी मिली धमकी


देहरादून (उद संवाददाता)।खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत पन्नू कॉल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी धमकी दे रहा है। उसने कहा है कि यदि उत्तराखंड



में उनके संगठनों के लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए तो इसके लिए जिम्मेदार मुख्यमंत्री होंगे। डीजीपी अशोक कुमार ने इसकी तत्काल एसटीएफ से जांच कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। एसटीएफ ने नंबरों को ट्रेस करना शुरू कर दिया है। यह पहला मामला नहीं है जब पन्नू के इस तरह के मैसेज वायरल हुए हों। पहले भी कई बार इस तरह से लोगों के पास कॉल आती रही हैं। हालांकि, पुलिस अधिकारियों के मुताबिक उत्तराखंड में सिख फॉर जस्टिस संगठन का कोई आधार नहीं है। यहां पर उसके समर्थक भी पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

# जी-20 समिट कल से, दुल्हन की तरह सजा रामनगर

रामनगर (उद संवाददाता)। जी-20 समिट की कल से होने जा रही बैठक के लिए कार्बेट सिटी रामनगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। साथ ही सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किये गये हैं। तीन दिवसीय जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को शासन-प्रशासन ने अंतिम रूप दे दिया है। सम्मेलन में 70 से अधिक विदेशी मेहमान शामिल होंगे। यात्रा रूट को दुरूस्त करने के साथ ही मेहमानों को सम्मेलन के अंतिम दिन कार्बेट पार्क की सफारी करने की भी तैयारी पूरी कर ली गई है। जी-20 समिट के लिए रामनगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। सड़कें पूरी तरह से





चमकी हुयी नजर आ रही है। साथ ही दीवारों पर पेंटिंग में उत्तराखण्ड की संस्कृति की भी झलक नजर आ रही है। जी- 20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानों को जिस रास्ते से ढिकुली तक ले जाया जाएगा। वह रास्ता फूलों से महकेगा। सड़क किनारे झाड़ी साफ करके वहां छह सौ से अधिक फूलों के पौधे लगाए गये हैं। साथ चार सौ से अधिक गमले भी रखे जा रहे हैं। मेहमान कोसी बैराज होते हुए महाविद्यालय के रास्ते ढिकुली जाएंगे। महाविद्यालय के बाहर दीवारों को उत्तराखंडी संस्कृति से सजाया गया है। महाविद्यालय के समीप दोनों ओर अनुउपयोगी जगह में भी विभिन्न प्रजाति के फूलों के पौधें लगाये गये हैं। रविवार और सोमवार को श्रमिक अधिकारियों की निगरानी में फूल के पौध लगाने में जुटे रहे। खाली पड़ी जगह को फूलों के पौधों से सजाने की जिम्मेदारी उद्यान विभाग को दी गई है। ऊधमसिंहनगर के पंतनगर एयरपोर्ट से लेकर रामनगर तक सड़कों को दुरुस्त करने के साथ ही सुंदरीकरण किया गया है। दीवारों पर लोक संस्कृति को रेखांकित करती पेटिंग बनाई गई हैं। भोजन में मेहमानों को विदेशी व्यंजनों के साथ ही उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजन भी परोसने की भी तैयारी की गई है। वहीं पुलिस प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया है। सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये हैं। रविवार को पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग के बाद रिहर्सल की गई। आइजी कुमाऊं नीलेश आनंद (शेष पृष्ठ सात पर)

## साइबर ठग ने झांसे में लेकर एक लाख की नगदी उड़ाई

देहरादून(उद संवाददाता)।साईबर ठगों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। साइबर ठग ने एक व्यक्ति को फोन कर खुद को उसका परिचित बताया और झांसे में लेकर उससे एक लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है। सुभाष रोड निवासी डीपी बिजल्वाण ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 18 मार्च की शाम उन्हें अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। कहा कि उसका नाम विजय है और वह उनका परिचित है। शिकायतकर्ता ने बताया कि विजय उनके परिचित थे और आवाज भी उससे मिलती-जुलती थी। व्यक्ति ने पहले डीपी बिजल्वाण का हालचाल पूछा। इस दौरान उसने कहा कि किसी ने उसे रुपये देने हैं, लेकिन उसका गूगल पे इस समय काम नहीं कर रहा है। इसलिए उसने बिजल्वाण के गूगल पे नंबर पर रुपये मंगवाने की बात कही। इस पर बिजल्वाण ने हामी भर दी। ठग ने कहा कि जो रुपये आपके खाते में ट्रांसफर होंगे, वह गूगल पे के माध्यम से उसके खाते में ट्रांसफर कर देना। उसके बाद कई मैसेज शिकायतकर्ता के मोबाइल नंबर पर आए, जिसमें इस तरह (शेष पृष्ठ सात पर)

# सड़क हादसे में महिला की मौत,पति गंभीर

काशीपुर(उद संवाददाता)। ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार मजदूर दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल महिला ने उपचार के दौरान राजकीय चिकित्सालय में देर शाम दम तोड़ दिया जबकि उसके पति की हालत नगर के प्राइवेट हॉस्पिटल में बेहद नाजुक बनी है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उधर दूसरी ओर पुलिस ने मौके पर लावारिस हालत में खड़ी ट्रक को कब्जे में लिया है। आरोपी चालक फरार बताया जा रहा है। घटना के बारे में जानकारी मिली है कि मूल रूप से गांधीपुर, पोस्ट बरियारपुर, जनपद मुंगेर बिहार निवासी मनीष ठाकुर पुत्र कुंज बिहारी ठाकुर यहां बाजपुर रोड स्थित आलू फार्म के समीप अंकुर नामक व्यक्ति के यहां पिछले लगभग 5 वर्षों से परिवार के साथ रहते हुए एक फैक्ट्री में मजदूरी किया करता है। बताया



गया कि उसकी पत्नी रेशम देवी 35 वर्ष जैतपुर घोसी स्थित मटर प्लांट में मजदूरी करती है। जानकारी के मुताबिक रोजाना की भांति बीते रविवार की शाम लगभग 5:30 बजे मनीष ड्यूटी पूरी करने के बाद अपनी पत्नी रेशम देवी को स्कूटी पर बिठाकर वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान बाजपुर रोड पर आलू फार्म के समीप अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार मजदूर दंपति गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। आईटीआई पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय भिजवाते हुए मौके पर खड़े लावारिस ट्रक को कब्जे में ले लिया। इधर गवर्नमेंट हॉस्पिटल में दुर्घटना में गंभीर रूप से लहूलुहान महिला ने जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए देर शाम दम तोड़ दिया जबकि उसके पति को बेहद नाजुक हालत में उपचार के लिए मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक अपने पीछे 14 वर्षीय पुत्र कृष, 12 वर्षीय पुत्र सोनू के अलावा 10 वर्षीया बेटी कोमल को रोते बिलखते छोड़ दिया। हृदय विदारक घटना को लेकर मोहल्ले में शोक व्याप्त है। मामले की सूचना पुलिस द्वारा मृतिका के पैतृक गांव में परिजनों को दे दी गई है।

# 22 अप्रैल को खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। यमुना जयंती के पावन पर्व पर चारधाम के पहले प्रमुख तीर्थ धाम यमुनोत्री के कपाट 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व पर दोपहर 12 बजकर 41मिनट पर कर्क लग्न अभिजित मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। सोमवार को मां यमुना के मायके खरशाली गांव में स्थित शीतकालीन यमुना मंदिर परिसर में



पुरोहित समाज की बैठक में यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने का विधिवत ढंग से शुभ मुहूर्त निकाला गया। इस मौके पर पुरोहित महासभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल, यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल उपाध्यक्ष, राजस्वरुप उनियाल, प्यारे लाल उनियाल, पवन उनियाल शीतकालीन पुजारी अंकित,जय कृष्ण, प्रभाकर उनियाल, के अलावा आशुतोष उनियाल, कुलदीप उनियाल, आदि थे। पुरुषोत्तम उनियाल, सुरेश उनियाल ने बताया कि 22 अप्रैल को कपाट उदघाटन की तैयारियों के साथ ही यमुना के मायके खरशाली गांव में में भी मां यमुना की विदाई की तैयारियां शुरू की गयी है। इसी दिन गंगोत्री धाम के कपाट भी खुलेंगे। 21 तारीख को मां गंगा की भोग मूर्ति गंगोत्री के लिए प्रस्थान करेगी। इस बार चारधाम यात्रा की शुरुआत 22 अप्रैल(शेष पृष्ठ सात पर)

# लाभार्थियों को बांटे मुख्यमंत्री राहत कोष के चेक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव के लोगो को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता चेक वितरित किये। चैक पाने वालों में प्रेमनगर, कुन्दननगर, नारायपुर धोरिया, बरीराई, पिपलिया, केवलगंज , आनंदखेड़ा क्षेत्र के लाभार्थी शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा गरीब परिवार के लिये बीमारी हो या कन्या विवाह उसमें सरकार द्वारा आर्थिक सहायता का मिलना काफी राहत का कार्य करता है , गरीब आदमी की स्थिति ऐसी नही होती कि वह बीमारी का इलाज का खर्च वहन कर सके। इसलिए हमारा प्रयास होता है



विधानसभा ने हर जरूतमद को आर्थिक सहायता के रूप में जो भी मदद हो सके वो करे । विधायक शिव अरोरा ने कहा जनता के सेवक है जनता के लिये हम सदैव तत्पर है, उनको सरकार की हर योजना का लाभ मिले यह हमारा प्रयास रहता है। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, (शेष पृष्ठ सात पर)

# काशीपुर में पथ संचलन पर हुई पुष्प वर्षा

काशीपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थानीय इकाई द्वारा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संस्कृति को और मजबूत करने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम की रोड स्थित रामलीला ग्राउंड से स्वयंसेवकों का पथ संचलन आरंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ महाराणा प्रताप चौक पहुंचा। जहां भारी तादाद में एकत्रित स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय व वंदे मातरम का है। संगठन की सदस्यता हासिल करने के बाद गणवेश व आचरण पर विशेष ध्यान देना होता है क्योंकि आर एस एस के एक- एक सिपाही से देश व समाज की भावनाएं व विश्वास जुड़ा होता है। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने युवाओं को मोड, मां मनसा देवी मंदिर, गंगे बाबा रोड, किला बाजार, मेन बाजार होता हुआ महाराणा प्रताप चौक पहुंचा। इसी तरह दूसरा संचलन महाराणा प्रताप चौक, स्टेशन रोड, महेशपुरा, नई सब्जी मंडी होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर आकर दोनों





अध्यक्षता सेवानिवृत्त श्रम अधिकारी हरीश राम आर्य कर रहे थे जबकि मुख्य वक्ता के रूप में सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख राजेश जोशी की मौजूदगी दर्ज रही। इस दौरान वंदे मातरम व भारत माता के जयकारों से इलाका गुंजायमान हो उठा। पथ संचलन में गणवेश में अनुशासित तरीके से चल रहे स्वयंसेवक बिल्कुल लय में नजर आए। मार्ग में स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। रामनगर जयघोष किया। नगर के मुख्य चौक पर स्वयंसेवकों का जोरदार अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता ने कहा कि भारतीय नववर्ष काल गणना के अनुसार सबसे पुराना है। इस समय ही ऋतु परिवर्तन से नवीनता प्रतीत होती है। संघ के 6 पर्वों में यह प्रथम उत्सव है। आज ही के दिन संघ के प्रथम सर संघचालक का जन्मदिन भी है। आगे उन्होंने कहा कि आर एस एस तपस्वी एवं देशभक्त लोगों का संगठन जागृत होने का भी संदेश दिया। कहा कि हम सबको संगठित रहकर समाज एवं राष्ट्र विरोधी ताकतों का मुकाबला करना होगा। कहा कि बगैर संगठन के हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। महानगर प्रचार प्रमुख आकाश गर्ग के ने बताया कि पथ संचलन में हजारों की तादाद में स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।पथ संचलन रामलीला ग्राउंड से निकलकर शहर के चीमा चौराहा, माता मंदिर रोड, रतन सिनेमा रोड, डॉक्टर लाइन, मुल्तानी संचलन एक होकर एक धारा बनकर श्री राम लीला ग्राउंड में पहुंचे जहां संचलन का विधिवत समापन किया गया। पथ संचलन में जिला प्रचारक सौरव, तहसील प्रचारक जितेंद्र, प्रेम प्रकाश, मयंक, सुमित, महेश, अरविंद राव, अभिनव राजपूत , मनीष श्रीवास्तव, अनमोल ढिल्लो, उत्कर्ष पांडे, अर्पित चौहान, वंश चौहान, वंश शर्मा, अनुपम, पंकज, हर्षित, प्रियांशु चौधरी, अजय,आदित्य, संजय, आशुतोष मिश्रा आदि विशेष रूप से शामिल रहे।

# आधा दर्जनों कांग्रेसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेसियों के द्वारा प्रधान मंत्री एवं मुख्यमंत्री की फ्लैक्सी पर कालिख पोतने के मामले में खंड विकास अधिकारी की तहरीर पर दो नामजद समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बता दें कि विगत दिवस कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी के नेतृत्व में कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता निरस्त किये जाने के विरोध में ब्लाक कार्यालय के सामने प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्य मंत्री की लगी फ्लैक्सी में उनके



चेहरों पर कालिख पोती गयी थी। इस मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ता भडक गये और दर्जनों कार्यकर्ता थाने पहुंचे और थाना प्रभारी राजेश पांडेय को तहरीर देकर कार्यवाही मांग की थी। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए विकास खंड अधिकारी शेखर जोशी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थानाध्यक्ष राजेश पांडेय ने दो नामजद सिद्धार्थ भुसरी एवं मोहनीश चौधरी व करीब आधा दर्जन से अधिक अज्ञात के नाम धारा 147, 353, 427 व उत्तराखंड लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद ही अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# गौरा कन्या योजना के 14 फर्जी आय प्रमाण पत्र पकड़े

गदरपुर(उद संवाददाता)।गौरा कन्या धन योजना के फार्म में फर्जी आय प्रमाण पत्र लगाकर लाभ लेने का प्रयास किए जाने पर तहसीलदार ने जांच करते हुए डीएम को पत्र लिखा फार्मो की जांच के उपरांत लगभग 14 फार्म में फर्जी आय प्रमाण पत्र लगाए गए थे स प्राप्त जानकारी के अनुसार गदरपुर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत लाभार्थियों ने गौरा कन्या धन योजना के लिए बाल विकास परियोजना कार्यालय में फार्म जमा किए थे स बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा जमा पत्रों को जांच के लिए तहसील कार्यालय भेजा तो जांच में 14 फार्म में फर्जी आय प्रमाण पत्र लगे पाए गए ,12 फार्म पर जमा कर्ताओं ने अपनी वास्तविक आय को छुपाते हुए आय प्रमाण पत्र पर फर्जी तरीके से एडिट कर प्रमाण पत्र लगाया था जबकि दो फार्म पर लगे आय प्रमाण पत्र जाली पाए गए। जांच के उपरांत बाल विकास परियोजना विभाग ने फार्मो को निरस्त करते हुए अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है वही तहसीलदार पूजा शर्मा ने कार्रवाई के लिए डीएम को पत्र भेजा है। ज्यादातर आय प्रमाण पत्र नगर व क्षेत्र के सीएससी से बनवाए गए थे स फार्म भरने वालों ने प्रमाण पत्रों में छेड़छाड़ भी की थी।बाल विकास परियोजना अधिकारी वीना भंडारी ने कहा कि फार्म में लगे आय प्रमाण पत्रों की तहसील कार्यालय से जांच करवाई गई थी , जिसमें 14 आय प्रमाण पत्र फर्जी लगे होने की पुष्टि हुई है इन प्रमाणपत्रों को निरस्त कर विभाग के संबंधित उच्च अधिकारियों को सूची प्रेषित कर दी गई है उन्होंने बताया इस संबंध में अगले आदेश के बाद ही कार्यवाही होगी।

# भाजपाईयों ने श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रामनगर में जी -20 को लेकर भारतीय जनता पार्टी उत्तराखण्ड के संगठन महामंत्री अजेय के दिशा निर्देशन में भाजपा रामनगर ने विभिन्न सस्थाओं के साथ मिलकर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें नगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बहुत उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें ग्रेट मिशन, मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल, ओक बड पब्लिक स्कूल एम पी हिन्दू इन्टर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर छोई. पर्यावरण संरक्षण को समर्पित कल्पतरु की टीम एवं विभिन्न एन जी ओ. डॉक्टर एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन और वेस्ट वारियर की टीम और भाजपा नगर मंडल की टीम द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपा उत्तराखण्ड के प्रदेश मन्त्री श्री राकेश नैनवाल और स्थानी विधायक श्री दीवान सिंह बिष्ट ने प्रधामन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड श्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामनगर में जी 20 के




आयोजन से क्षेत्र के विकास को नयी दिशा मिली है जिसका फायदा आमजन को मिला है। इस आयोजन से रामनगर में होने वाल व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है। इससे रामनगर में होने वाले पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा इससे विदेशी पर्यटकों कि आमद और अधिक बढ़ेगी।जी-20 के प्रदेश सह संयोजक प्रमोद तोलिया ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूर दृष्टि का परिणाम है कि उत्तराखण्ड को भी जी-20 के आयोजन कराने का सौभाग्य मिला है। इससे निसन्देह विदेशों से आने वाले मेहमान उत्तराखण्ड की कला एवं संस्कृति को करीब से जानेगे जिससे देवभूमि उत्तराखण्ड को एक विशेष ग्लोबल पहचान मिलेगी। रामनगर में आने वाले जी-20 के प्रतिनिधियो के स्वागम आतिथ्य के लिए स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर तैयारियां की जा रही है। इस दौरान नगर महामंत्री आशीष ठाकुर, राजेन्द्र मित्तल, नगर उपाध्यक्ष राहुल रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथलाल चौधरी, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती रेखा रावत, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूचि शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र रावत, एमडी मदर्स ग्लोरी स्कूल मीना पाथरी, श्री प्रणय श्रीवास्तव, एम पी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता चन्द्रशेखर मिश्रा, कल्पतरू वृक्ष मित्र के अध्यक्ष अतुल मेहरोत्रा, मंडी समिति उपाध्यक्ष सिंह रावत, गणेश रावत, यशपाल रावत, प्रदेश कार्यकारिण सदस्य श्रीमती निर्मला रावत समेत अनेक देवदुल्य सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माता की भव्य चौकी आज रात्रि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में बाबा भक्त मण्डल आदर्श कालोनी की ओर से माता की भव्य चौकी का आयोजन आज



रात्रि सुविधा होटल के सामने जी मार्ट के पास किया जायेगा। जानकारी देते हुए बाबा भक्त मण्डल के संस्थापक बाबा भक्त विक्की मुंजाल ने बताया कि नवरात्र के उपलक्ष्य में माता की भव्य चौकी आज शाम सात बजे शुरू होगी। जिसमें मशहूर भजन गायिका निशा अरोरा एवं अमन सांवरियां अपने सुमधुर भजनों से मां भगवती का गुणगान करेंगे। बाबा भक्त विक्की मुंजाल ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में माता की चौकी में पहुंचकर माता का गुणगान सुनने की अपील की है।

# अटरिया मेले के आयोजन के लिए प्रशासन की टीम गठित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राजस्व उप निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक की जांच आख्या पर परगना मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह के आदेशानुसार ग्राम-जगतपुरा, तहसील- रूद्रपुर में स्थित प्राचीन श्री अटरिया देवी मन्दिर में 29 मार्च से 18 अप्रैल 2023 तक आयोजित होने वाले मेले के सफल एवं विवादरहित आयोजन तथा संचालन हेतु न्यायहित एवं जनहित में टीम का गठन किया गया है। यह जानकारी देते हुए तहसीलदार नीतू डागर ने बताया कि नायब तहसीलदार रूद्रपुर को टीम का अध्यक्ष तथा जिला पर्यटन अधिकारी, चौकी प्रभारी सिडकुल, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर, लेखाधिकारी नगर निगम रूद्रपुर, राजस्व निरीक्षक क्षेत्र रूद्रपुर, राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र रम्पुरा को टीम का सदस्य बनाया गया है। 29 मार्च से आयोजित होने वाले श्री अटरिया देवी मन्दिर जगतपुरा के सफल एवं विवाद रहित आयोजन तथा संचालन में खुली निविदा के माध्यम से दुकानों के आवंटन हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने एवं कृत कार्यवाही से परगना मजिस्ट्रेट तथा तहसील कार्यालय को अवगत कराने के आदेश जारी किये गये हैं।

# राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सिसौना में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में शिशु मंदिर के प्राचार्य शुभेंदु गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा संकल्प गीत, स्वागत गीत, सरस्वती वंदना व कुमाऊंनी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता ने स्वयंसेवियों को इन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना में राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया किन-किन माध्यमों से स्वयंसेवी विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जन-जन तक पहुंचा सकते हैं, इस पर भी प्रकाश डाला।




एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता रानी ने स्वयंसेवीओ को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य, उद्देश्य, महत्व आदि के विषय में विस्तार से बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र वर्मा ने स्वयंसेवकों को सात दिवसीय कैंप के दौरान अनुशासन में रहने तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाह करने को आवश्यक बताया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता स्वप्निल जाधव नई फैंसी भी छात्राओं को बुनियादी शिक्षा के बारे में जानकारियां दी तथा महाविद्यालय के समाजशास्त्र के प्राध्यापक डॉक्टर सत्यमित्र सिंह ने भी स्वयंसेवी छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के बारे में बताया। अंत में स्वयंसेवी होने विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की। एनएसएस शिविर के दूसरे दिन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृष्णा ,नेहा, प्रियंका यादव, नंदिनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# तीन माह के आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। छात्राएं इस काबिल हों कि छेड़खानी, दुर्व्यवहार जैसी परिस्थितियों से खुद निपट सकें। इसी उद्देश्य से समग्र शिक्षा, उत्तराखंड एवं जिला उधम सिंह नगर शिक्षा विभाग के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय, किच्छा में तीन माह से चल रहे रानी लक्ष्मीबाई बालिका सुरक्षा कार्यक्रम आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को कराटे प्रतियोगिता कराकर किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मीना शर्मा ने छात्राओं को खुद की सुरक्षा के लिए तत्पर रहने का संकल्प दिलाया। साथ ही विद्यालय अध्यापिका ममता कंबोज ने कहा कि आज जिस तरह की घटनाएं महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहीं हैं, उसके लिए यह प्रशिक्षण काफी मददगार साबित होगा।प्रशिक्षण शिविर में जिला जु-जित्सू एसोसिएशन उधम सिंह नगर रजि.) के महासचिव



सेंसेई ऋषि पाल भारती एवं सहयोगी प्रशिक्षक हैप्पी सिंह, जय द्वारा छात्राओं में खुद की रक्षा का आत्मविश्वास जगाया गया, ताकि वे किसी भी परिस्थिति का सामना खुद कर सकें। सेंसेई ऋषि पाल भारती ने कहा कि अपराध समय और स्थान का इंतजार नहीं करता है, आपके साथ कोई अपराधिक घटना कभी भी और कहीं भी हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने पास मौजूद समान्य चीजों ओर आसपास के वातावरण में मौजूद चीजों को हथियार बनाकर अपराधी का सामना कर खुद को सुरक्षित कर सके। तथा छात्राओं को पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना, किसी की पकड़ से खुद को छुड़ाने के साथ पैरों से वार करना, पेन के जरिए हमला करना, दुपट्टे के इस्तेमाल से अटैकर को धूल चटाना जैसी तकनीकों के साथ साथ छात्राओं को की-होंन में ब्लॉक, पंच, किक, काता, रोल, थ्रो एवं महत्वपूर्ण तकनीकों को सिखाया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयुवर्गों की फाईटिंग इवेंट में शिवानी सागर, दीपिका, साहिबा, फराह, दीपांशु, अदिति बिष्ट, पूजा, खुशी ने स्वर्ण पदक, अलाफिया, नाजिया, अरीबा, आसन बी, सहनूर, बुशरा, सेहरीन, नेहा ने रजत पदक एवं सुमन, अमनदीप, रोशनी, नेहा बी, नंदिनी, मन्तशा, अलीशा, अलशीफा, मनीषा, सलोनी, वर्षा राव, आशिफा, उमरा, तरन्नुम, मुस्कान, उंजिला ने कांस्य पदक प्राप्त किए। समापन अवसर पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया।

# घर में घुसकर दो मोबाईल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि अज्ञात चोरों ने मौहल्ला रम्पुरा में एक घर से दो मोबाईल चोरी कर लिए। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अजय पुत्र प्रेम शंकर निवासी रम्पुरा वार्ड 22 ने कहा है कि 25 मार्च को रात्रि वह घर में सो रहा था। उसका व पड़ोस में रहने वाले अगरजीत सागर का मोबाइल फोन खिड़की के पास चार्जिंग पर लगे थे। दोनों मोबाईल अज्ञात चोर ने चोरी कर लिए हैं।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे– छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# किशोर पर लाठी डंडो से हमला कर किया अधमरा

## पुलिस दर्ज नहीं कर रही रपट ,हालत चिंताजनक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्रांतरगत दक्ष चौक के पास कुछ दबंग लोगों ने एक किशोर पर चोरी का आरोप लगाकर उस पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया और उसे अधमरा हालत में एक निजी स्कूल को जाने वाले मार्ग पर फेंक कर फरार हो गए। राहगीरों से सूचना मिलने पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके पश्चात गंभीर रूप से घायल किशोर को 108 एम्बुलेंस के द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत चिंताजनक बताई है। परिजनों द्वारा घटना की तहरीर पुलिस को दे दिए जाने बाद भी पुलिस ने अभी तक हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया है। प्रमोद कुमार पुत्र खुशी राम निवासी शास्त्री नगर वार्ड 12, गंगापुर रोड ने कहा है कि 25 मार्च को दोपहर दो बजे उसका 11 वर्षीय बेटा शिवम दक्ष चौक



फुलसुंगी में उसे ढूंढने के लिये गया। दक्ष चौक पर स्थित टाइल्स के गोदामा मालिक ने उसके बेटे को बहला फुसलाकर अपने पास बुलाया और चोरी का आरोप लगाते हुए बेरहमी से मारापीटा, जिसके चलते उसका बेटा बेहोश हो गया। डर के चलते गोदाम मालिक उसके बेटे को अपनी गाड़ी में डालकर जेपीएस स्कूल के रास्ते पर फेंक गया। जब उसे पता चला तो परिजनों के साथ वहां पर पहुचा तो बेटे को खून से लहुलुहान पाया और जिसकी स्थित बहुत ही गम्भीर थी। पुलिस किसूचना देने के बाद 108 एम्बुलेंस से अपने बेटे को उपचार के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले गया। बेटे के शरीर पर गम्भीर खुली व गुम चोटे आयी है। डॉक्टर द्वारा कहा जा रहा है कि बेटे की स्थिति नाजुक है। मेरा बेटा अस्पताल में भर्ती है। घटना की तहरीर देने के बाद भी पुलिस न तो हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर रही है और न ही कोई कार्रवाई कर रही है जिससे उसके परिजनों को जान माल का खतरा बना हुआ है।

# मंगल घट की स्थापना के साथ बसंती पूजा का शुभारम्भ

शक्तिफाम(उद संवाददाता)। नगर के रुदपुर ग्रामसभा (जेल कैंप) में छह दिवसीय बसंती पूजा व मेला आज मंगल घट की स्थापना के साथ नवरात्र पर होने वाली छः दिवसीय माँ बसंती (दुर्गा) पूजा प्रारम्भ हो गया है। बसंती मंदिर प्रांगण में पूजा कमेटी की ओर से मां बसंती पूजा महोत्सव शुरू होने के साथ ही बांग्ला लोक संस्कृति जीवंत हो उठी। पुरोहित ने प्रथम दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंगल कलश स्थापना के साथ बेल वृक्ष की विशेष पूजा–अर्चना कर मंदिर परिसर के बाहर दक्षिण छोर में वृक्ष के नीचे नवपत्रिका का पूजन कर स्थापित किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी–धजी महिलाओं ने कंठ से उलू–उलू की मंगल ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो उठा। बंगाली परंपरा के अनुसार इस ध्वनि को शंखनाद के रूप में माना जाता है। शाम को आमंत्रण अधिवास के साथ शक्ति की देवी को कैलाश से पृथ्वी पर आने का आह्वान किया जायेगा। पूजा व मेला 1 अप्रेल तक चलेगा। जिसमे 28 मार्च को झांकी व जागरण, 29मार्च,30 मार्च और 31 मार्च को बांग्ला नाटक (जात्रा गान) व 1 अप्रेल को सांस्कृतिक कार्यक्रम व



डांस कम्पटीशन का आयोजन किया जाना तय किया गया है। माँ दुर्गा वसंती पूजा के उपलक्ष्य में विशाल मेले का भी आयोजन किया जायेगा। मूर्तिकार कानू सरकार द्वारा माता रानी बसंती माँ को सुंदर रूप से सजाया गया है। पिछले कई दशकों से निरंतर चले आ रहे ,इस वसंती पूजा में हजारो श्रद्धालुओ की आस्था जुड़ी हुयी है। ऐसा बताया जाता है की इस मंदिर में सच्चे दिल से मांगी गयी मुराद पुरी होती है। छः दिन के मेले में क्षेत्रीय व अन्य स्थानों के लोग भी काफी तादाद में मेले का लुप्त उठाने पहुंचते है। पूजा व मेले के सफल आयोजन के लिए संचालन कमेटी का गठन सर्वसम्मिति से किया गया। जिसमे अध्यक्ष रतन गोलदार, उपाध्यक्ष सुकुमार बाछाड़ सचिव समरेश विश्वास, उपसचिव ध्रुव हाजरा, कोषाध्यक्ष श्यामल मैत्र संरक्षक मधुसूदन सरकार, संजय बाछाड़,प्रशांत मण्डल, गोपाल सरकार,नेपाल सरकार, मेघनाथ मल्लिक,सुकुमार बैध,दीपक मण्डल, अनिमेश राय, दीपक मण्डल शामिल है।

# अखंड महानाम संकीर्तन में श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 66 विधानसभा रुद्रपुर से कांग्रेस की तरफ से विधायक का चुनाव लड़ी पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा मुखर्जी नगर में चल रहे श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन में पहुंची जहां उन्होंने श्री राधे कृष्ण गोविंद मंदिर में पूजा अर्चना की और उसके बाद देर रात्रि तक संकीर्तन में प्रतिभाग किया। यहां पहुंचने पर संकीर्तन आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा कांग्रेस नेता अनिल शर्मा,निगम पार्षद प्रीति साना ,महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, उमा सरकार आदि का पीत वस्त्र डालकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।



# आर्य समाज प्रथम का स्थापना दिवस मनाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर्य समाज किच्छा में आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड के प्रधान डा. विश्वमित्र आचार्य की अध्यक्षता में आर्य समाज प्रथम का स्थापना दिवस एवं भारतीय नववर्ष का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बरेली से पधारे भजनोपदेशक आचार्य विजय पाल सिंह, कवि राज चौ. नवनीत ािंह, व आशु कवि रोशन लाल ने अपने भजनों व कविताओं से उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कालेज से सेवानिवृत प्रधानाचार्य चौ. बृजपाल सिंह, चौ. शीशपाल राणा, चौ. अनिल सिंह, अमितांशु, प्रमितांशु आर्य, डी. श्रीमती प्रतिभा शास्त्री, केशव कुमारी, रोहन सिंह, महेन्द्र पाल आर्य, हितेश आर्य, सुरेश आर्य, नेतराम आर्य, सत्यमुनि, नरपति सिंह, डा. अशोक आर्य, सतीश वर्मा, चौ. पर्व सिंह, आदि मौजूद थे। संचालन विनीत कुमार व महेन्द्र पाल ने किया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान ( रजिस्ट्रीशुदा ) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
–सम्पर्क करें–
मो. 8191024718

# पत्रकार भारती ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सौपा ज्ञापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। डी.डी. चौक से हटाये गये खोखे को अन्यत्र प्रतिस्थापित करने की मांग को लेकर पत्रकार गोपाल भारती ने जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, नगर आयुक्त, क्षेत्रीय विधयक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह को ज्ञापन सौपा। जिसमे उन्होंने कहा कि उनकी विगत लगभग 30 वर्षो से डी.डी. चौक पर दुकान थी जहां से संडे भारती समाचार पत्र संचालित किया जा रहा था और साथ ही नोएडा से प्रकाशित सन्डे पोस्ट का कार्यालय भी वही था। उन्होंने कहा कि उस जगह विद्युत मीटर भी लगा था और उनके बैंक की पासबुक भी उसी स्थान के पते से प्राप्त है। नगर निगम ने पूर्व में उस स्थान पर पार्किंग बनाने के नाम पर दुकान को उजाड़ दिया। गोपाल भारती ने कहा कि उनके तीन बच्चे



है जिनके पढाई चल रही है दुकान उजड़ जाने से परिवार पर रोजी–रोटी पर संकट आ गया है। उन्होंने अपील की है कि जब भी उजाड़े गये व्यापारियों के लिए दुकान बनाई जाए तो उन्हें भी उसमें जगह दी जाए। पत्रकार गोपाल को डी.डी. चौक से उजाड़े जाने पर जल्द कुमाँयू युवा प्रेस क्लब, एन.यू.जे.आई व देवभूमि पत्राकार संगठन से जुड़े सभी पत्रकार भी उच्चाधिकारियों ने मुलाकात कर पत्रकार गोपाल भारती की समस्या से अवगत करायेगा और उन्हें अन्यत्र बसाने की मांग करेगा।

## – : कार्यालय आदेश : –

राजस्व उप निरीक्षक / राजस्व निरीक्षक की जांच आख्या पर परगना मजिस्ट्रेट महोदय रूद्रपुर के अनुमोदन आदेशानुसार ग्राम–जगतपुर, तहसील– रूद्रपुर, जिला– उधम सिंह नगर में स्थित प्राचीन श्री अटरिया देवी मन्दिर में दिनांक – 29.03.2023 से दिनांक– 18.04.2023 तक आयोजित होने वाले मेले के सफल एवं विवादरहित आयोजन तथा संचालन हेतु न्यायहित एवं जनहित में निम्न प्रकार टीम का गठन किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| 01– नायब तहसीलदार, रूद्रपुर | – (अध्यक्ष) |
| 02– जिला पर्यटन अधिकारी, उधमसिंहनगर द्वारा प्रतिनिधि | – (सदस्य) |
| 03– चौकी प्रभारी, सिडकुल पन्तनगर | – (सदस्य) |
| 04– सहायक नगर आयुक्त नगर निगम, रूद्रपुर | – (सदस्य) |
| 05– कर निरीक्षक, नगर निगम, रूद्रपुर | – (सदस्य) |
| 06–लेखाधिकारी, नगर निगम, रूद्रपुर / सहा० कोषाधिकारी उधम सिंह नगर | – (सदस्य) |
| 07– राजस्व निरीक्षक क्षेत्र, रूद्रपुर | – (सदस्य) |
| 08– राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र, रम्पुरा | – (सदस्य) |

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक– 29.03.2023 से दिनांक– 18.04.2023 तक आयोजित होने वाले श्री अटरिया देवी मन्दिर, जगतपुरा, रूद्रपुर के सफल एवं विवादरहित आयोजन तथा संचालन में खुली नीलामी के माध्यम से दुकानों के आवंटन हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें एवं कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। खुली नीलामी की कार्यवाही दिनांक 27.03.2023 को अपराहन 03 :00 बजे से कक्ष सं0 22 तहसीलदार महोदय के कार्यालय में सम्पन्न की जायेगी।

**परगना मजिस्ट्रेट, रूद्रपुर।**

# महानाम संकीर्तन में ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वार्ड नंबर 5 मुखर्जी नगर के दुर्गा मंदिर में आयोजित महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय सहित पधारे अतिथियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि महानाम संकीर्तन से सकारात्मक को पाने की तड़प हमेशा होती है जो कि महानाम संकीर्तन से पूर्ण होती है उन्होंने पूजा कमेटी को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों



ठुकराल पहुंचकर श्रीहरि महानाम संकीर्तन में पहुंच शीश नवाकर क्षेत्र में सुख स्मृद्धि एवं शांति की कामना कर संकीर्तन का श्रवण किया। इस दौरान पूजा कमेटी ने पूर्व विधायक ठुकराल शक्तियों का संचार होता है उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में होने वाले महा नाम संकीर्तन में प्रतिभाग करते आ रहे हैं उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक रास्ते पर चलने एवं प्रभु से पहुंची मंडलियों ने हरी महिमा कर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान पार्षद प्रीति साना, बलाई विश्वास, सुनाई मंडल, अर्जुन विश्वास ,बंटी कोली ,सुदीप सिंह सहित लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोकसभा से राहुल गांधी की सांसद सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस पार्टी में आक्रोश है। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में मोदी सरकार की बुद्धि-शुद्धि के लिए सत्याग्रह किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने सत्याग्रह करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र की आवाज दबाई जा रही है। जिसके तहत ही राहुल गांधी को सच बोलने की सजा मिली है। देश का हर कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ खड़ा है। सत्याग्रह को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की गई चार हजार किमी लंबी भारत जोड़ों यात्रा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व आड़ानी के रिश्ते पर सवाल खड़ा करने से भाजपा सरकार बौखला गई है। साथ ही सदन में राहुल गांधी आवाज को दबाने का प्रयास किया गया।उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी डरने या घबराने वाली नहीं है। जनता की आवाज बनने के लिए कांग्रेस पार्टी हर कीमत चुकाने को तैयार है। श्री आर्य ने कहा कि



देश का हर कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ खड़ा है उन्हें अपील करने का तक मौका नहीं दिया गया। जल्दबाजी में उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। इससे यह साबित हो गया कि मोदी सरकार राहुल गांधी से डर गई है अब उच्चतम न्यायालय से राहुल गांधी को न्याय मिलेगा। जनता भाजपा सरकार को 2024 के चुनाव में इसका जवाब देगी। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या पर उतारू है। जनता के मुद्दों को उठाने वालों को लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा सदन में अडानी, अंबानी को सरकार मानकों को ताक में रख कर लाभ पहुँचा रहीं है। सरकार पूर्णत: हिटलरशाही पर उतारू है। जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा चुने हुए प्रतिनिधि की इस प्रकार से सदस्यता रद्द करना लोकतंत्र की हत्या है। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक संजीव आर्य, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल, महेश शर्मा, हरेंद्र बोरा, प्रकाश पांडे, हरीश मेहता, हेमंत बगडवाल, भागीरथी बिष्ट, मधु सागुड़ी, खष्टी बिष्ट, खजान पांडे, मनोज शर्मा, भोला दत्त भट्ट, केदार पलड़िया, ललित जोशी, मुकुल बल्यूटिया, गोविन्द बिष्ट, मंयक भट्ट, गुरदीप सिंह प्रिंस, अनुपम कबड़वाल, देशबंधु रावत, दीपक, राजेन्द्र चन्द्र दुर्गापाल, संजय बिष्ट, तारा नेगी, जगमोहन बगडवाल, इंद्रपाल आर्या, नरेश अग्रवाल, डीके डालाकोटी, हरीश बिष्ट, मीमांशा आर्या, विशाल भोजक, संदीप भैसोड़ा, सतनाम सिंह, दीप पाठक, सुहेल सिद्दीकी, जाकिर हुसैन, नीमा भट्ट, बहादुर बिष्ट, राजेन्द्र जीना, राजेन्द्र सुयाल, योगेंद्र बिष्ट, रवि जोश सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कैबिनेट मंत्री बहुगुणा मन की बात सुनने पहुंचे कार्यकर्ताओं के बीच

सितारगंज (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड 11 में पीएम मोदी की मन की बात सुनी। रविवार को पीएम ने अंगदान, महिला सशक्तिकरण व सोलर ऊर्जा पर बात की। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पीएम ने नारी शक्ति व सोलर एनर्जीपर चर्चा की। प्रदेश सरकार भी इस दिशा में कार्य कर रही है।इसी दौरान कार्यकर्ताओ से बेहतर संवाद कर क्षेत्र की समस्याएं भी जानी, विकास कार्यो को लेकर संवाद किया,



जनसमस्याएं जानी, वही क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने, क्षेत्रीय जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरकर विधानसभा क्षेत्र को विकास का मॉडल बनाने के लिए प्रयास करने की बात कही, उन्होंने प्रधानमंत्री के द्वारा देश हित मे किए जा रहे कार्यों से सीख लेकर उन्ही की तर्ज पर कार्य करने का संकल्प लिया, तथा जल्द क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया, साथ ही सितारगंज को विकास का मॉडल बनाने में आमजनता से सहयोग की अपील की।इस दौरान मौजूद लोगों ने कैबिनेट मंत्री के द्वारा बेहतर जनसंवाद से आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए उनका आभार जताया।

# स्वयं सेवियों ने नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शिविर प्रात: उच्च



प्राथमिक विद्यालय, भदईपुरा में एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुआ। शिविर के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के पार्षद प्रमोद शर्मा एवं वार्ड नंबर 12 के पार्षद भुवन गुप्ता रहे। जिन्होंने स्वच्छता एवं समाज में व्याप्त नशे की लत से मुक्ति पाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी स्वयंसेवियों के साथ साझा की। स्वयंसेवियों ने रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर की सफाई की गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वयंसेवियों ने नशा उन्मूलन हेतु अपने विचार , भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपमाला ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि प्लास्टिक सूक्ष्म कणों के रूप में हमारे शरीर के अंदर भी प्रवेश कर रही है। जिसके फलस्वरूप शरीर पर दुष्प्रभाव हो रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेंद्र मिश्रा , डॉ. दीपमाला एवं डॉ. रंजीता जौहरी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री रचित सिंह, महाविद्यालय के वर्तमान छात्र संघ उपाध्यक्ष आकाश कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवी कैलाश राठौर, रमेश कोली एवं सुदीप सिंह उपस्थित रहे।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष के पोते की संदिग्ध मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। पूर्व पालिकाध्यक्ष लीलावती के पौत्र युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमित सिंह



(28)अज्ञात कारणों के चलते संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी।जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक चार भाई बहिनों में सबसे बड़ा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गांधी नगर वार्ड नंबर 2 निवासी पूर्व पलिका अध्यक्ष लीलावती के पुत्र अनिल सिंह का 28 वर्षीय पुत्र सुमित सिंह शनिवार रात्रि को खाना खाकर अपने कमरे में सो गया था। रविवार की दोपहर करीब 2 बजे अनिल सिंह ने अपनी पत्नी चंद्र सिंह से कमरे के अंदर सो रहे सुमित सिंह को उठाने के लिए कहा। कमरा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर भी सुमित सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया तो अनिल सिंह ने पास में रहने वाले उसके दोस्तों को बुलाया और दरवाजा खुलवा कर सुमित सिंह को उठाने के लिए कहा। मौके पर पहुंचे दोस्तों और परिजनों के काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खोला तो उन्होंने जैसे तैसे दरवाजा खोला और अंदर जाकर देखा तो बेड पर मृत हालत में पाया गया सुमित की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। सुमित सिंह की मौत की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ पूर्व पालिका अध्यक्ष लीलावती के आवास पर एकत्र हो गई। पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस समेत तमाम जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया। वही सूचना मिलने पर थाना गदरपुर से उपनिरीक्षक चंद्र सिंह भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली।चार भाई-बहनों के परिवार में सुमित सिंह सबसे बड़ा था। थाना अध्यक्ष राजेश पांडेय ने बताया कि सुमित सिंह की मौत किस कारण से हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आने के बाद ही चल सकेगा।

# तेरे भवन ते करां नौकरी मैनूं रख ले चौकीदार

## मां के भजनों से गुंजायमान हुआ लक्ष्मी नारायण मंदिर





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्मसभा द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर)आयोजित नवरात्र महोत्सव के पांचवें दिवस गत रात्रि दिल्ली की मास्टर कोको एण्ड पार्टी ने मां के कई सुंदर भजन सुनाकर मंदिर परिसर को मां की महिमा के गुणगान से गुंजायमान कर दिया। इससे पूर्व मुख्य जजमान राजेन्द्र खनीजो व राजकुमार खनीजो एवं उनके परिवार द्वारा मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। भजन गायक कलाकार कोको ने सर्वप्रथम गुरू वंदना व गणेश वंदना गाई। तत्पश्चात मां के दरबार में भजनों के साथ भक्तजनों द्वारा फूलों की वर्षा की गई। भजन गायक कलाकार कोको ने तेरे भवन तें करां मै नौकरी मैनूं रख ले चौकीदार, मैं बलिहारी तेरी ज्योतां तों बलिहारी, मां पहाड़ां वाली तेरी ज्योतां तूं बलिहारी, मैं तेरे बिन रह नहीं सकदा मां, मैंनूं तेरी आदत पै गई है, मेला मैया दा सजदा है हर साल, लौकी बचड़े खुशियां दे नाल, लगियां रौनकां मां दे दरबार ते, मां दी महिमा बड़ी न्यारी है कर दी सिंह सवारी ऐ, भोले दी बारात सजी गज बज के, सारेयां ने भंग पीती रज रज के, दिल वाली पालकी विच तेनूं मां बैठाना ऐ, चल मेरे नाल तेनूं घर ले के जाना ऐ आदि मां के कई सुंदर भजन सुनाकर उपस्थित भक्तजनों को मां की भक्ति में नाचने गाने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने जब भगवान शिव शंकर की बारात का भजन गाया तो सारे भक्त खुशी में नाचने लगे। मध्य रात्रि तक मंदिर मां के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर महेश बब्बर, नन्द लाल भुड्डी, हरिचंद मिडढा, विजय जग्गा, ओमप्रकाश अरोरा, सुधीर अरोरा, रामस्वरूप रहेजा, अनिल अरोरा, सुरेश राजदेव, राकेश सुखीजा, विजय विरमानी, केवल बत्रा, विजय फुटेला, सचिन मुंजाल, अजय बंसल, डा. नारायण अदलखा, अमित अरोरा, मनोज अरोरा, हरीश अरोरा, उर्वशी गाबा, मनोज मुंजाल, अमित बब्बर, दिनेश कपूर, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, शिवम जग्गा, मनू जग्गा, पवन गाबा, हरीश सुखीजा, सुनील ठुकराल, अजय चडढा, सुरेन्द्र मिडढा, राजेश चांदना, राजेश अरोरा, अजय जुनेजा, राजेश छाबड़ा, राजकुमार सीकरी, केवल बत्रा, राजन राठौर, पंकज बांगा, अमन सांवरिया, जगदीश ठुकराल, राजकुमार मुंजाल, मोहन भुड्डी, राज गुगलानी, दीपक गुगलानी, जुगनू अरोरा, जतिन नागपाल, उमेश कालड़ा, मोहित नारंग, विक्की घई, शशि अरोरा, आकांक्षा अनेजा, पिंकी ग्रोवर, प्रीति धीर, सुदेश ढींगरा, ललिता कक्कड़, किरन जग्गा, राज तागरा, सीमा दुनेजा, शिवानी घई, रानो छावड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



# मंदिरों में हुई मां कात्यायनी की पूजा अर्चना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के पवन नवरात्र पर्व पर आज सभी मंदिरों में मां कात्यायनी की श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में प्रात: से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि समर्पित कर पूजा अर्चना की। सभी मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन भी आयाजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के स्टाल लगे हैं।

# जीवन का एकमात्र लक्ष्य मुक्ति है उसे पाने के लिए समय भी सीमित : आचार्य प्रशांत

## ऋषिकेश में 'काल' पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में आचार्य प्रशान्त ने साधको द्वारा पूछे गए प्रश्नों का दिया जवाब





ऋषिकेश(उद संवाददाता)। प्रशांतअद्वैत संस्था के संस्थापक एवं पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने ऋषिकेश में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में श्कालश अर्थात समय की वेदान्तिक व्याख्या की। इस कार्यशाला में भारतवर्ष के अनेक राज्यों से आए जिज्ञासुओं ने भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का लाभ विदेशों में भी ऑनलाइन के माध्यम से हो रहा है। आचार्य प्रशान्त ने कहा कि समय के प्रवाह का विज्ञान समझना पड़ेगा। विचार और समय के बीच का संबंध साफ साफ देखना होगा, तभी हम जीवन के सबसे बहुमूल्य संसाधन, समय, का सम्यक उपयोग कर पाएंगे। आचार्य प्रशांत ने कहा कि सही केंद्र के उठे कर्म को प्राथमिकता देना समय के प्रबंधन का एक बहुत प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा कि हम भूल जाते हैं कि हमारे पास सीमित समय है। और इस भूल के फलस्वरूप हम जीवन को गलत कर्मों और निर्णयों से भर देते हैं और सही कर्म को सतत टालते रहते हैं। आचार्य प्रशांत ने कहा कि समय के महत्व को पहचानना जरूरी है। विचार, कल्पनाएं, मान्यताए सभी अतीत के मुद्दे हैं। जीवन को सही दिशा देने के लिए भ्रम से बाहर निकलना होगा तभी ऊंची चुनौती से जूझा जा सकेगा, अन्यथा छोटे छोटे मुद्दों में उलझकर अपना जीवन व्यर्थ कर बैठेंगे।उन्होंने वर्तमान का वास्तविक अर्थ समझाया तथा कहा कि कैसे सब कुछ लगातार बदल रहा है और कुछ भी कभी स्थिर नहीं है, प्रशान्तअद्वैत संस्था के संस्थापक एवं पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने कहा कि दु:ख से मुक्ति का एकमात्र साधन अध्यात्म है। दु:ख को लोग स्वीकार ही नहीं करते इसलिए वह गहरी कुंठा व निराशा से घिर जाते हैं। जब दुख को स्वीकार कर लिया जाता है तो दुख भी धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के बाजार में तमाम मोटिवेशनल गुरु घूम रहे हैं; और यही मोटिवेशन लोगों के डिप्रेशन का कारण बन रहा है। इतना डिप्रेशन आज तक कभी नही रहा जितना आज हो रहा है। जो अपने लिए एक सीमित दायरा तय कर लेते हैं जिंदगी भर उसी से ही बन्ध कर रह जाते हैं - वही घर, परिवार, बच्चे, नौकरी उसी में जीवन समाप्त हो जाता है। आचार्य प्रशांत ने कहा कि आज इंसान सब कुछ देख कर भी दुख-दर्द झेल रहा है, लेकिन सुधरने को तैयार नही है। उन्होंने कहा कि अकेलापन आज दु:ख की मुख्य वजह बन रहा है, जबकि वास्तविक अकेलापन आंतरिक होता है। मन मे तरह तरह के चलने वाले विचार ही दु:ख का कारण बनते हैं इसकी मुख्य वजह आंतरिक खोखलापन है यह मानसिक वजह से ही होता है। उन्होंने ये भी कहा कि जो आपको मुक्ति की ओर ले जाये वही अध्यात्म है। इंसान का प्रथम लक्ष्य भी यही होना चाहिए। मन मे विचार तो चलते ही रहेंगे देखना यह है कि विचार उठ कहाँ से रहा है। उन्होंने कहा कि कर्म के रास्ते ही मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया तबाही के कगार पर खड़ी है पर हम अब भी नहीं समझ पा रहे। धर्म के नाम पर हमारे मन में तमाम तरह की छवियां बैठा दी जाती हैं जबकि जीव का एकमात्र लक्ष्य मुक्ति ही होना चाहिए। हमने ऋषियों का भी मजाक बना दिया है। हम उनको आज तक समझ ही नही पाए। सत्र के दौरान कबीर भजन आऊंगा न जाऊंगा जीऊंगा न मरूँगा व अबसर बार बार न आवे कबीर साहब के दोहे व रामचरित मानस की चौपाई भी गाये गए जिससे पूरा माहौल अध्यात्ममय हो गया।

# शिक्षक मंडल ने चलाया स्कूल चलो अभियान

रामनगर(उद संवाददाता)। आर्थिक,सामाजिक रूप से पिछड़े समुदायों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकारी शिक्षकों के समूह रचनात्मक शिक्षक समूह ने व्यापक अभियान छेड़ दिया है।कार्यक्रम की शुरुआत नई बस्ती पुछड़ी से की गई।इस क्षेत्र में शिक्षक मंडल द्वारा कोसी खनन से जुड़े मजदूर परिवारों के बच्चों के लिए निशुल्क ज्योतिबा फुले सांयकालीन स्कूल विगत डेढ़ बर्ष से संचालित किया जा रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अपने वक्तव्य में शिक्षक मंडल संयोजक नवेंदु मठपाल ने कहा कि विगत वर्ष भी शिक्षक मंडल द्वारा इस क्षेत्र में व्यापक अभियान संचालित कर दो सौ से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाया गया। ये बच्चे अपनी गरीबी या फिर कोरोना के कारण शिक्षा से वंचित हो गए थे। पी एन जी पी जी महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो गिरीश चंद पंत ने अभिवावकों को समझाते हुए कहा शिक्षा हम सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक बहुत ही आवश्यक साधन है। हम अपने जीवन में शिक्षा के इस साधन का उपयोग करके कुछ भी अच्छा प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा का उच्च स्तर लोगों की सामाजिक और पारिवारिक सम्मान तथा एक अलग पहचान बनाने में मदद करता है। प्राइमरी शिक्षा से जुड़े नंदराम ने कहा अभी भी इस क्षेत्र के कुछ बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे,शिक्षक मंडल का प्रयास है कि मजदूर परिवारों के शत प्रतिशत बच्चे स्कूल जाएं। तय हुआ कि रामनगर के अन्य आर्थिक ,सामाजिक रूप से पिछड़ी आबादी वाली अन्य बस्तियों में भी ऐसा ही अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर डा डी एन जोशी,ग्राम प्रधान मो तारिक, सांयकालीन स्कूल के शिक्षक सुमित कुमार,हेमा जोशी,बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला,जीतपाल कठेत मौजूद रहे।



# परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि नरेश कुमार कंसल, मुख्य अतिथि सुरेश कुमार अग्रवाल (अध्यक्ष महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट), विद्यालय के अध्यक्ष अजीत सिंह जोसन, प्रबंधक राजकुमार चौहान, उपाध्यक्षा श्रीमती पवित्रा राणा, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार गोयल, सदस्य राजेंद्र कुमार मित्तल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य उमराव सिंह मनराल ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में भैया-बहिनों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय की गृह परीक्षाओं में कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 6 में साक्षी भारद्वाज प्रथम, आकांक्षा वर्मा द्वितीय, अंश सक्सैना तृतीय, कक्षा कक्षा 7 में दीपांशु जोशी प्रथम, मान्यता भारद्वाज द्वितीय, सुहाना तृतीय, कक्षा 8 में सलोनी यादव प्रथम, आदर्श यादव द्वितीय, दीया बिष्ट तृतीय, कक्षा 9 में मोहम्मद मेहरोज प्रथम, कल्पना द्वितीय, शोभित सक्सेना तृतीय, कक्षा 11 में सृष्टि मिश्रा प्रथम, पूजा भट्ट द्वितीय, एवं चिराग बोरा तृतीय को विशिष्ट अतिथि नरेश कुमार कंसल एवं श्री राजेंद्र कुमार मित्तल द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में संचालित होने वाली प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहिनोंको मुख्य अतिथि श्री सुरेश कुमार अग्रवाल द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10 जी के 13 भैया-बहिनों एवं कक्षा 12जी के 12 भैया-बहिनों को कमला नेहरू पुरस्कार के चेक एवं मेडल विद्यालय के अध्यक्ष अजीत सिंह जोसन, कोषाध्यक्ष श्री नवीन कुमार गोयल एवं श्रीमती पवित्रा राणा द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री नरेश कुमार कंसल जी ने भैया-बहिनों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम का मंत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुरेश अग्रवाल जी ने विद्यालय के भैया-बहिनों की उपलब्धि एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए विद्यालय कार्यकारिणी एवं प्रधानाचार्य श्री उमराव सिंह मनराल जी का धन्यवाद करते हुए सभी भैया-बहिनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अभिभावकों के साथ विद्यालय के आचार्य श्री अमित खरे, रमेश जोशी, सुनील पाठक, अरविंद शर्मा, दिनेश मिश्रा, ओमकार शर्मा, लोकेश गंगवार, दिनेश चंद्र, वेद प्रकाश, श्रीमती नमिता, अर्चना राणा, हेमराज राणा, धर्मवीर मौर्य, सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती गीता परिहार जी ने किया।




# निजी स्वार्थ नहीं सेवा कार्य की लिए हों एकजुट: सुशील

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वराज हिंद फौज के संस्थापक एवं केन्द्रीय अध्यक्ष सुशील भट्ट की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूड़ी गेस्ट हाऊस ,तिकोनिया में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष सुशील भट्ट ने कहा कि हमें व्यक्तिगत स्वार्थ के बजाय सेवा-कार्यों के उद्देश्य से ही सामाजिक संगठनों का गठन कर एकजुट होना चाहिए। पारस्परिक सहयोग और त्याग की भावना से ही कोई संगठन प्रगति की और अग्रसर हो सकता है। किसी भी संगठन व व्यक्ति की पहचान उसके सिद्धान्तों व नैतिक मूल्यों एवं आदर्शों के आधार पर होनी चाहिए। लेकिन आज व्यक्ति की पहचान उसके धन व पद के आधार पर होती है, जो कि वर्तमान समाज की मनोदशा को दर्शाता है। देश की राजनीति में पुन: मूल्य और आदर्श स्थापित करने के लिए संस्थापक अध्यक्ष सुशील भट्ट ने स्वराज हिंद फौज के कार्यकर्ताओं को संगठन में अधिक से अधिक नैतिक व संस्कारित लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज विश्व को फिर से गांधी जी के सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है जो कि पूर्णरूपेण सत्य और अहिंसा पर आधारित था। अहिंसा, और शांति के मार्ग पर चलकर ही कोई देश तरक्की कर सकता है। वसुधैव कुटुम्बकम व विश्व बंधुत्व की भावना से ही पूरे विश्व का कल्याण हो सकता है। आज जहाँ एक देश दूसरे देश को नष्ट करने में लगा है तो वहीं मनुष्य धर्म के नाम पर आपस मे लड़ रहा है। जबकि पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग नामक संकट आ गया है। जिससे पार पाने के लिए पूरे विश्व को एकजुट होना होगा। जब पृथ्वी बचेगी तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा वरना सब कुछ नष्ट हो जायेगा। भारत में चल रहे जी-20 के 18वें शिखर सम्मेलन के विषय पर सुशील भट्ट ने कहा कि जी-20 सम्मेलन में अनुमन वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ाने पर चर्चा होती है। जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत के पास होने की वजह से हमें उम्मीद है कि इस बार जी-20 सम्मेलन में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, साइबर सिक्यॉरिटी, डिजिटल स्किलिंग आदि विषयों के अलावा ग्लोबल वार्मिंग जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी चर्चा होगी। इस शिखर सम्मेलन में जी-20 नेताओं ने वैश्विक तापमान वृद्धि को 5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के प्रयासों पर भी सहमति भी व्यक्त की है साथ ही जी-20 मे शामिल देश जलवायु परिवर्तन पर 2015 के पेरिस समझौते के साथ खड़े हैं जिसमें तापमान लक्ष्य समझौते का मुख्य उद्देश्य है। उम्मीद है इस जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्व शांति व एकता जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। संगठन विस्तार हेतु स्वराज हिंद फौज के संस्थापक अध्यक्ष सुशील भट्ट 2 अप्रैल को दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से मुंबई के लिए रवाना होंगे व उत्तराखंड के साथ ही महाराष्ट्र में भी स्वराज हिन्द फौज की इकाई गठित की जायेगी। संस्थापक अध्यक्ष की अनुपस्थिति में संगठन का काम काज पूर्व केंद्रीय महामंत्री गिरीश चन्द्र लोहनी, दिगम्बर दत्त फुलोरिया, सुरेश कपिल संयुक्त रूप से देखेंगे। इस अवसर पर हुकुम सिंह कुँवर, उक्रांद नेता भुवन जोशी, दिगम्बर दत्त फुलोरिया, गिरीश चन्द्र लोहनी, सुरेश चन्द्र कपिल, डॉ. अवधेश तिवारी, कॉंग्रेस नेता एनबी गुणवंत, गौरव जसवाल बजेला , विनोद सिंह नेगी, एमके शर्मा, प्रदीप पाठक, शेखर जोशी, कमलेश पड़लिया, अमन रावत, योगेंद्र सिंह बिष्ट, वीरेन्द्र सिंह रौतेला, आनंद सिंह भाकुनी, प्रताप सिंह चौहान, लक्ष्मण गैड़ा, श्रीमती कल्पना भंडारी, राजेंद्र प्रसाद पारासरी, गोविंद गस्याल, देवेंद्र कुमार पांडे, सतीश सुयाल समेत कई लोग उपस्थित थे।



ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जांच एजेंसियां और छापे

पिछले कुछ सालों में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के मकसद से जांच एजेंसियां काफी सक्रिय नजर आने लगी हैं। अब केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग का मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंच गया है। चौदह विपक्षी दलों ने मिल कर इससे संबंधित याचिका दायर की है। इन दलों ने अदालत के समक्ष गुहार लगाई है कि गिरफ्तारी और हिरासत को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। हालांकि इसके पहले भी इसे लेकर कुछ व्यक्तिगत याचिकाएं दायर की गई थीं, जिन पर सर्वोच्च न्यायालय ने कोई दिशा-निर्देश देने के बजाय केवल टिप्पणी करके टाल दिया था। अब चौदह विपक्षी दल इसे लेकर एकजुट हुए हैं, तो सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली है। इस तरह अब विपक्षी दल जो बाहर बयान दिया करते थे कि उन्हें सबक सिखाने के इरादे से सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, वे अब सर्वोच्च न्यायालय के संवैधानिक दिशा-निर्देश का इंतजार करेंगे।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पिछले कुछ सालों में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के मकसद से जांच एजेंसियां काफी सक्रिय नजर आने लगी हैं, शायद उन्हें मुक्तहस्त भी किया गया है, जिसके चलते लगातार छापे पड़ रहे और भ्रष्टाचार के मामलों में जांचें तेज हो गई हैं। मगर खुद जांच एजेंसियों की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक छापों और कार्रवाइयों की तुलना में दोषियों की पहचान बहुत कम हो पाई है। महज चार से पांच फीसद मामलों में दोष सिद्ध हुए हैं। बाकी में लोगों को नाहक परेशानी और बदनामी उठानी पड़ी है।ऐसे में विपक्षी दलों की नाराजगी निराधार नहीं कही जा सकती। फिर यह भी स्पष्ट है कि केवल विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों का शिकंजा कसता है। उन नेताओं के मामलों में जांचें ठंडे बस्ते में डाल दी गई, जो पहले विपक्ष में थे, मगर फिर सत्तापक्ष में आ गए। विपक्षी पार्टियां उन नेताओं के नाम की सूची जारी करती रही हैं। सार्वजनिक मंचों से उनके नाम लेकर सवाल पूछती रही हैं कि अमुक अमुक के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होती। दरअसल, जांच एजेंसियों के खिलाफ विपक्षी दलों में एकजुटता दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई। सारे दलों ने उसका विरोध किया था। यह भी देखा गया है कि भ्रष्टाचार, धन शोधन या फिर कर चोरी के मामले में जांच एजेंसियां अपने दायरे के बाहर चली जाती हैं। जिन मामलों में आयकर विभाग को जांच करनी चाहिए, उनमें भी प्रवर्तन निदेशालय जांच शुरू कर देता है। फिर पुख्ता सबूतों के अभाव में भी कई लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय पहले ही कह चुका है कि जांच एजेंसियों को उनके काम से रोका नहीं जा सकता। धन शोधन और आयकर चोरी से जुड़े मामले अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से संबंधित भी हो सकते हैं। फिर उन्हें जांच से रोक कर एक तरह से भ्रष्टाचार के मामलों को बढ़ावा देना होगा। मगर ताजा याचिका विशेष रूप से जांच एजेंसियों के कामकाज के तरीके को लेकर दायर की गई है, जिसमें वे मनमानी ढंग से गिरफ्तारियां करती, हिरासत में लेतीं और फिर लोगों को नाहक प्रताड़ित करती हैं। उनके कामकाज के तरीके और लक्ष्य बना कर छापे डालने आदि से स्पष्ट होता है कि वे केंद्र सरकार के इरादे के अनुरूप काम कर रही हैं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय उनके कामकाज को लेकर संवैधानिक हदें तय कर सकता है। संविधान में उनके दायरे तय हैं, सर्वोच्च न्यायालय उनके मद्देनजर उन्हें निर्देश दे सकता है। इसलिए स्वाभाविक ही उसके रुख पर सबकी नजर है।

# रामनवमी विशेषालेख: श्री 'राम' बन जाएंगे



श्री राम विष्णु के अवतार हैं, वे आदिपुरुष हैं, जो मानव मात्र की भलाई के लिए मानवीय रूप में इस धरा पर अवतरित हुए। मानव अस्तित्व की कठिनाइयों तथा कष्टों का उन्होंने स्वयं वरण किया ताकि सामाजिक व नैतिक मूल्यों का संरक्षण किया जा सके तथा दुष्टों को दंड दिया जा सके। भगवान राम ने विषम परिस्थितियों में भी स्थिति पर नियंत्रण रख सफलता प्राप्त की। उन्होंने हमेशा वेदों और मर्यादा का पालन किया। स्वयं के सुखों से समझौता कर उन्होंने न्याय और सत्य का साथ दिया। भगवान राम के गुणों की वजह से उनका जीवन सफल हुआ और वो राम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहलाएं। सहनशीलता व धैर्य भगवान श्री राम का प्रमुख गुण है। अयोध्या का राजा होते हुए भी श्री राम ने संन्यासी की तरह ही अपना जीवन व्यापन किया। यह उनकी सहनशीलता को दर्शाता है। भगवान श्री राम काफी दयालु स्वभाव के रहें। उन्होंने दया कर सभी को अपनी छत्रछाया में लिया। उन्होंने सभी को आगे बढ़ कर नेतृत्व करने का अधिकार दिया। सुग्रीव को राज्य दिलाना उनके दयालु स्वभाव का ही प्रतिक है। हर जाति, हर वर्ग के व्यक्तियों के साथ भगवान राम ने मित्रता की। हर रिश्तें को श्री राम ने दिल से निभाया। केवट हो या सुग्रीव, निषादराज या विभीषण सभी मित्रों के लिए उन्होंने स्वयं कई बार संकट झेले। भगवान श्री राम एक कुशल प्रबंधक थे। वो सभी को साथ लेकर चलने वाले थे। भगवान श्री राम के बेहतर नेतृत्व क्षमता की वजह से ही लंका जाने के लिए पत्थरों का सेतु बन पाया। भगवान श्री राम ने अपने सभी भाइयों के प्रति सगे भाई से बढ़कर त्याग और समर्पण का भाव रखा और स्नेह दिया। इसी कारण से भगवान श्री राम के वनवास जाते समय लक्ष्मण जी भी उनके साथ वन गए। यही नहीं भरत ने श्री राम की अनुपस्थिति में राजपाट मिलने के बावजूद भगवान राम के मूल्यों को ध्यान में रखकर सिंहासन पर रामजी की चरण पादुका रख जनता की सेवा की। वनवास में सुन्दर स्त्री बाद में शूर्पणखा निकली। सोने का हिरन बाद में मारीच निकला। भिक्षा माँगने वाला साधू बाद में रावण निकला। लंका में तो निशाचार लगातार रूप ही बदलते दिखते थे। हर जगह भ्रम, हर जगह अविश्वास, हर जगह शंका लेकिन बावजूद इसके जब लंका में अशोक वाटिका के नीचे सीता माँ को रामनाम की मुद्रिका मिलती है तो वो उस पर शविश्वासश कर लेती हैं। वो मानती हैं और स्वीकार करती हैं कि इसे प्रभु श्री राम ने ही भेजा है। जीवन में कई लोग आपको ठगेंगे, कई आपको निराश करेंगे, कई बार आप भी सम्पूर्ण परिस्थितियों पर संदेह करेंगे लेकिन इस पूरे माहौल में जब आप रुक कर पुनः किसी व्यक्ति, प्रकृति या अपने ऊपर विश्वास करेंगे तो श्री रामायण के पात्र बन जाएंगे। राम और माँ सीता केवल आपको विश्वास करनाश ही तो सिखाते हैं। माँ कठोर हुई लेकिन माँ से विश्वास नहीं छूटा, परिस्थितियाँ विषम हुई लेकिन उसके बेहतर होने का विश्वास नहीं छूटा, भाई-भाई का युद्ध देखा लेकिन अपने भाइयों से विश्वास नहीं छूटा, लक्ष्मण को मरणासन्न देखा लेकिन जीवन से विश्वास नहीं छूटा, सागर को विस्तृत देखा लेकिन अपने पुरुषार्थ से विश्वास नहीं छूटा, वानर और रीछ की सेना थी लेकिन विजय पर विश्वास नहीं छूटा और प्रेम को परीक्षा और वियोग में देखा लेकिन प्रेम से विश्वास नहीं छूटा। भरत का विश्वास, विभीषण का विश्वास, शबरी का विश्वास, निषादराज का विश्वास, जामवंत का विश्वास, अहिल्या का विश्वास, कोशलपुर का विश्वास और इस शविश्वासश पर हमारा-आपका अगाध विश्वास। सच बात यही है कि जिस दिन आपने ये शविश्वासश कर लिया कि ये विश्व आपके पुरुषार्थ से ही खूबसूरत बनेगा उसी दिन ही आप श्री शरामश बन जाएंगे और फिर लगभग सारी परिस्थितियाँ हनुमान बनकर आपको आगे बढ़ाने में लग जाएंगी। यहाँ हर किसी की रामायण है, आपकी भी होगी। जिसमें आपके सामने सब है रावण, शंका, भ्रम, असफलता, दुःख। बस आपको अपनी तरफ विश्वास रखना है.. आपका राम तत्व खुद उभर कर आता जायेगा। सभी को अपने जीवन का संघर्ष स्वयं करना पड़ता है।

**हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार**

# छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से किया नशे के खिलाफ जागरूक


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एंटी ड्रग सेल के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ के विद्यार्थियों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. एचएस नयाल ने की। इस नाटक में छात्र-छात्राओं ने नशे की बढ़ती प्रवृति पर चिंता व्यक्त करते हुए नशा उन्मूलन के लिए बहुमूल्य सुझावों से भरी हुई एक प्रभावशाली कहानी का मंचन तल्ला रामगढ़ मुख्य बाजार में किया। नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए आसपास की बहुत भीड़ एकत्रित हुई। क्षेत्रीय लोगों ने महाविद्यालय के छात्रों के इस प्रयास को काफी सराहा। इस नुक्कड़ नाटक को क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 150 लोगों ने देखा एवं छात्रों उत्साहवर्धन किया। नाटक में मुख्य मुख्य भूमिका कु. चित्रा भंडारी, उर्मिला, नेहा भंडारी, पूनम, दिव्यांशी, प्रिया ने निभायी। नाटक के माध्यम से छात्रों ने यह प्रदर्शित किया कि किस प्रकार नशे की लत से एक हँसता खेलता परिवार उजड़ जाता है।



छात्रों ने यह भी प्रदर्शित किया कि कैसे समाज एवं सुधार गृह नशे की लत में आये लोगों की मदद कर सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन एंटी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉ. माया शुक्ला ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल के छात्र सदस्य शुभम नेगी, करण नेगी तथा कु. चित्रा भंडारी के अलावा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर एवं बी. ए. द्वितीय वर्ष के छात्र -छात्राओं के साथ प्राध्यापक डॉ. मनीषा तिवारी, डॉ. नीमा पन्त, डॉ० अक्षय गुरूरानी, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. विजय लक्ष्मी, डॉ. राजेश कुमार, कुंदन आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. एचएस नयाल ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये।

# स्टैमिना और एनर्जी को बढ़ाएगा योगासन का अभ्यास

शरीर में कमजोरी का हर समय बने रहना और थकान का बने रहना हमें जीवन जीने में पूरी तरह परेशान करता है क्योंकि जब लगातार थकान कमजोरी शरीर में शारीरिक रूप से बनी रहेगी तो इंसान और कमजोर बन जाता हैं। एक कमजोर शरीर न सिर्फ आपको कमजोरी देता है, बल्कि वह आपकी इम्यूनिटी और आपकी स्टैमिना को कमजोर करता है। फिर आपके लिए हर काम करना बड़ा मुश्किल व थकाने वाला हो जाता है। बढ़ते तनाव और गलत खानपान की आदतों की वजह से शारीरिक कमजोरी और थकान महसूस होने लगती है। योग का अभ्यास शारीरिक कमजोरी थकावट से निजात दिलाता है क्योंकि योग से हमारे शरीर को आंतरिक ऊर्जा मिलती है, जिससे हम फॉर्म फील करते हैं और हमारा मेटाबॉलिज्म भी फास्ट होता है। यदि आप अपनी शारीरिक कमजोरी से राहत पाने के लिए किसी तरीके के बारे में सोच रहे हैं। तो आपके लिए योग करने से बेहतर आपके लिए कुछ हो ही नहीं सकता। योग आपको हर प्रकार की समस्याओं से बचाता है व स्वस्थ रखता है। आप शारीरिक कमजोरी को दूर करने के लिए यहां बताए गए योगासन कर सकते हैं। केवल 10 मिनट में थकान और कमजोरी को दूर करते हैं ये योगासन योग तनाव कम करने से लेकर बीमारियों को कंट्रोल करने और वजन घटाने से लेकर तुरंत ऊर्जा प्रदान करने में सहायक होता है। योग की कुछ सरल मुद्राएं तुरंत एनर्जी देने में मदद करती हैं। **एनर्जी के लिए करे योग:** योग एक आध्यात्मिक प्रकिया है जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। योग के जरिए आपके शरीर और मस्तिष्क का मिलन होता है। योग तनाव कम करने से लेकर बीमारियों को कंट्रोल करने और वजन घटाने से लेकर तुरंत ऊर्जा प्रदान करने में सहायक होता है। योग की सरल मुद्राएं आपको व्यायाम के तनाव से बचने और तुरंत एनर्जी देने में मदद करती हैं। योग आपको अपने किसी भी काम में सफलता हासिल करने में मदद करता है क्योंकि इसके आप आसानी से अपने विचारों पर ध्यान लगा सकते हैं। **बालासन:** बालासन को करने से तनाव कम होता है और तुरंत एनर्जी मिलती है। इस योग को करने के लिए घुटने के बल जमीन पर बैठ जाएं और शरीर का सारा भाग एड़ियों पर डाल दें। गहरी सांस लेते हुए आगे की ओर झुकें। ध्यान रखें कि आपका सीना जांघों को छूना चाहिए, अब अपने माथे से फर्श को छूने की कोशिश करें। कुछ सेकंड इस अवस्था में रहें। **भुजंगासन:** भुजंगासन को कोबरा आसन भी कहते हैं। इसे करने के लिए जमीन पर उलटा लेट जाएं। पैर और हिप्स को समान रूप से फैलाकर रखें। हथेलियों को जमीन पर कंधों के सामने रखें। अब शरीर के बाकी हिस्से को बिना हिलाए-डुलाए चेहरे को बिल्कुल ऊपर की ओर करें। कुछ समय के लिए इस मुद्रा को यूं ही रखें। इस आसन को करने से आप तुरंत ही एनर्जी पा सकते हैं। **ताड़ासन:** अगर आप बहुत कमजोर महसूस करते हैं, तो ताड़ासन आपके लिए बहुत फायदेमंद



साबित हो सकता है। इसको करने से तुरंत एनर्जी पाने में मदद मिलती है। इसे करने के लिए जमीन पर सीधे खड़े हो जाएं। दोनों पैरों पर अपने शरीर का वजन सामान रखें। इसके बाद दोनों हथेलियों की अंगुलियों को मिलाकर सिर के ऊपर ले जाएं। हथेलियों सीधी रखें फिर सांस भरते हुए अपने हाथों को ऊपर की ओर खींचिए,। इसके साथ ही पैरों की एड़ी को भी ऊपर उठाएं और पैरों की अंगुलियों पर शरीर का संतुलन बनाए रखिए। इस स्थिति में कुछ देर रहें। **वक्रासन:** कमर की चर्बी दूर करने के साथ-साथ वक्रासन तुरंत एनर्जी भी देता है। इसे करने के लिए दंडासन की स्थिति में बैठ जाएं। अब दायें पैर को मोड़कर बायीं जांघ के पास घुटने से सटाकर रखें, ध्यान रहें कि आपका बायां पैर सीधा रहें। बाएं हाथ को दाएं पैर एवं पेट को बीच से लाकर दाएं पैर के पंजे के पास टिकाएं। दाएं हाथ को कमर के पीछे भूमि पर सीधा रखें। गर्दन को घुमाकर दायीं और मोड़कर देखें लेकिन बाएं पैर, कमर और दाएं हाथ सीधे रहेंगे। **वीरभद्रासन:** वीरभद्रासन से शरीर मजबूती और तुरंत एनर्जी मिलती है। इसे करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और दोनों पैरों के बीच में दूरी रखें। सांस खींचते हुए दोनों हाथों को दोनों दिशाओं में अपने कंधों के समानांतर फैलाएं। अब गर्दन दाई दिशा में ले जाएं और दाएं घुटने को मोड़ें (कम से कम 45 डिग्री का कोण घुटने से बनना चाहिए)। अपने हाथों को नमस्ते का आकार देते हुए ऊपर की ओर रखें। अब सांस छोड़ते हुए दोनों हाथों को नीचे लाएं। थोड़ी देर इसी मुद्रा में रहें और दोबारा इसी क्रिया को करें। **मर्जरी आसन:** इस आसन में शरीर की मुद्रा बिल्ली की तरह होने के कारण इसे मर्जरी आसन कहते हैं। यह पेट की चर्बी को कम करने के साथ तुरंत एनर्जी भी देता है। इसे करने के लिए दोनों घुटनों और हथेलियों के बल खड़े हों। दोनों हाथ, पैर और सिर को बिल्कुल सीधा रखें और सामने की ओर देखें। अब ठुड्डी को उठाते हुए सांस खींचकर सिर को ऊपर की ओर उठाएं। इस दौरान शरीर को अच्छी तरह से स्ट्रेच करें। कुछ सेकंड के बाद सांस छोड़ते हुए सिर नीचे की ओर ले जाएं। **सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। इसके बारह आसनों को करने से शरीर निरोग और स्वस्थ रहता है। इसमें प्रथम अवस्था प्रणाम मुद्रा, दूसरी में हस्त उत्तानासन, तीसरी में पाद हस्तासन, चौथी अश्व संचालन आसन, पांचवी अवस्था में पर्वतासन, छठी में अष्टांग नमस्कार, सातवीं में भुजंगासन, आठवीं में पर्वतासन, नौवीं अश्व संचालन आसन, दसवीं अवस्था में पाद हस्तासन ग्यारहवीं अवस्था में हस्त उत्तानासन और बारहवीं अवस्था में प्रणाम मुद्रा शामिल हैं। ये 12 अवस्थाएं सूर्य नमस्कार का चक्र है। शवासनशवासन योग को करने से ना सिर्फ शरीर को आराम मिलता है, बल्कि ये आपको तुरंत एनर्जी भी देता है। मन को गहरे ध्यान में ले जा कर शरीर को फिर से स्फूर्ति से भर देता है। इस आसन को करना बहुत ही आसान हैं। इसे करने के लिए जमीन पर दरी बिछाकर सीधा लेट जाये। इसके बाद अपनी आंखां को बंद कर लें और अपने हाथ-पैरों को ढ़ीला छोड़ दें। आप चाहे तो इस मुद्रा में 5 से 20 मिनट तक बने रह सकते हैं। बालासन मन को शांत करने व थकान को दूर करने के लिए यह एक बहुत ही बढ़िया योग आसन है। यह आपकी रीढ़ की हड्डी को भी स्ट्रेच करता है और आपके हिप्स को एक अच्छी स्थिति में रखता है। इसे करने के लिए आपको सबसे पहले अपनी कमर के बल जमीन पर लेटना है। इसके बाद अपने घुटनों को थोड़ा सा मोड़ें और उन्हें अपने पेट की ओर लाएं। अब अपने पैरों को अपनी हथेलियों से पकड़ लें। अब अपने घुटनों को फैला ले। अब इसी अवस्था में 20-30 सेकेंड तक रहें। **हलासन:** इस आसन के द्वारा आप अपनी नींद न आने वाली बीमारी से राहत पा सकते हैं। इस आसन से आपको कमर दर्द में आराम, डिप्रेशन से राहत मिलेगी व आपकी एनर्जी भी बढ़ेगी। इसे करने के लिए आपको सबसे पहले सर्वांगसन से शुरुआत करनी होगी। अपने हिप्स को थोड़ा मोड़ लें। धीरे से अपने पैरों के अंगूठों को ऊपर करें व जब वह सिर के ऊपर आपके पैर जाने लगे तब रुक जाएं और पैरों को नीचे लाएं। अपने शरीर को जमीन के वर्टिकल रखें व अपने पैरों को पूरी तरह स्ट्रेच करें। अपनी कमर को अपने हाथों से सहारा दें। अब इस अवस्था में आप जितनी देर तक रह सकते हैं उतनी देर तक रहें। 'अंततः निष्कर्ष यह निकलता है कि' शारीरिक कमजोरी को हटाकर शरीर की एनर्जी को बढ़ाता है योग इसलिए रोज करें योग स्वस्थ रहें मस्त रहें खुश रहें।

**प्रस्तुति: उमेश कुमार सिंह**

# टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग के लिए किया प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। ब्रिटिशकाल से प्रस्तावित टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग का निर्माण कार्य आज भी शुरू नहीं हो सका है। मार्ग का निर्माण शुरू नहीं होने से




टनकपुर-बागेश्वर रेल निर्माण संघर्ष समिति ने कड़ी आपत्ति जताई है। यहां अपनी मांग के समर्थन में प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि 2006 से अब तक छह बार मार्ग का सर्वे हो चुका है, लेकिन बजट अभी तक नहीं मिला है।समिति अध्यक्ष नीमा दफौटी के नेतृत्व में लोग रविवार को तहसील परिसर में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि गत वर्ष विधानसभा चुनाव के प्रचार में हल्द्वानी आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण की सहमति दी थी। मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है तो रेल के लिए बजट जारी क्यो नही किया जा रहा है, पहाड़ का विकास रेल लाइन निर्माण से ही संभव है, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर प्रधानमंत्री व रेल मंत्री ने 29 करोड़ की धनराशि ब्रॉडगेज सर्वे के लिए स्वीकृत किया था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रेल मार्ग निर्माण के लिए धनराशि का प्राविधान नहीं होने से उत्तराखंड की जनता निराश है। रेल मार्ग बनने से चम्पावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर तथा अल्मोड़ा के गांवों को लाभ पहुंचेगा। संचालन केशवानंद जोशी ने किया। इस मौके पर हयात सिंह मेहता, मालती पांडे, सुनीता टम्टा, गीता रावल, रतन सिंह शाही, भावना रावत, इंद्रिरा जोशी, सरस्वती गैलाकोटी, पार्वती पांडे, हितेश खेतवाल, विक्रम ह्याकोटी, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

# गुरना-बनकोट मार्ग पर फंसे वाहन को जेसीबी की मदद से निकाला

## डीएम से सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच की मांग

बागेश्वर(उद संवाददाता)।उपेक्षा के चलते गुरना-बनकोट मोटर मार्ग बदहाल हो गया है। सड़क निर्माण में टेंडर कराया गया, टेंडर में मानकों के बजाय सड़क पर मनमाने तरीके से कार्य कराया जा रहा है, दफौट मोटर मार्ग जगह जगह खस्ताहाल है ,गुरना से झमतोला विद्यालय तक लंबे समय से सड़क पर चल रहे डामरीकरण को अब तक पूर्ण नही कराया गया है, सड़क निर्माण के लिए सड़क निर्माण में अब तक विभागीय मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा सड़क पर डामरीकरण नही किया गया है, डामरीकरण नही होने निर्माण कार्य मे मानकों की अनदेखी से सड़क बदहाल हो गई है,बदहाल सड़क पर विभागीय अभियंता की अनदेखी कहे या कमीशनखोरी की सड़क मार्ग की बदहाली खुद बया कर रही है, मार्ग में वाहन थोड़ी से बारिश में फंस रहे है, वाहनों को पार कराने के लिए जेसीबी मशीन से खींचना पड़ रहाहै, ऐसे में ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों की ठेकेदार से मिलीभगत के चलते सड़क के खस्ताहाल होने का आरोप लगाया,वही जिलाधिकारी से लापरवाह और



मनमानी करने वाले ठेकेदार के खिलाफ जांच कराकर सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने की मांग की, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं देने से मनमाना निर्माण कार्य हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बदहाल हो चुकी सड़क में आए दिन वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कई वाहन गुरना- बनकोट मार्ग में फंस गए। जेसीबी की मदद से खींचकर कीचड़ में फंसे वाहनों को बमुश्किल बाहर निकाला गया। क्षेत्रीय जनता ने मोटर मार्ग मेंशीघ्र डामरीकरण करने, निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

# मन की शुद्धि के लिए श्रीमद् भागवत से बढ़कर कोई दूसरा साधन नही

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।शक्तिफार्म के ग्रामसभा आनन्दनगर स्थित देवी मन्दिर मे चल रहे श्रीमद् भागवत कथा मे सोमवार को भगवान श्री कृष्ण



का जन्मोत्सव मनाया । कथा वाचक व्यास आचार्य प्रमोद जोशी जी ने भगवान कृष्ण की जन्म की लीलाओं का वर्णन लोगों को बताया । कहा मन की शुद्धि के लिए श्रीमद् भागवत से बढ़कर कोई दूसरा साधन नही। यह ग्रन्थ जन्म व मृत्यु के भय को दूर कर देता है। कृष्ण जन्म की झांकियो व भजनों मे भक्त जमकर झूमे । कथा के बाद आरती और प्रसाद वितरण हुआ। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने मे सभी ग्रामवासि भक्त जुटे है।

# नायक बलवंत सिंह का निधन,सीएम ने जताया शोक

देहरादून। भारत-चीन के बीच वर्ष 1962 में हुए रण के योद्धा महावीर चक्र विजेता शहीद जसवंत सिंह रावत के साथी रहे नायक बलवंत सिंह बिष्ट का निधन हो गया। 86 साल की उम्र में उन्होंने शनिवार को अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आवास पहुंचकर नायक बलवंत सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतृप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की। कहा, युद्ध में चीन और पाकिस्तानी सेना के दांत खट्टे करने वाले नायक बलवंत सिंह के साहस व वीरता को वह नमन करते हैं। उनकी बहादुरी को कभी भुलाया नहीं जाएगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण महरा, विधायक भूपाल राम टम्टा, उमेश शर्मा काऊ, सूचना महानिदेशक बंशीधर भगत आदि ने उनके आकस्मिक निधन पर दुख जताया। मूल रूप से चमोली जिले के दूरस्थ गांव घेस निवासी बलवंत सिंह अपने बड़े बेटे वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन सिंह बिष्ट के साथ देहरादून के लोअर नत्थनपुर स्थित श्री सिद्ध विहार कॉलोनी में रह रहे थे। उनके छोटे बेटे लक्ष्मण सिंह बिष्ट चौथी गढ़वाल राइफल्स में सूबेदार मेजर हैं। भारत-चीन युद्ध के बाद वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी दुश्मनों के दांत खट्टे करने वाले नायक बलवंत सिंह अपने पीछे दो बेटों और एक बेटी का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पारिवारिक सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार रविवार को हरिद्वार में किया जाएगा। नायक बलवंत सिंह बिष्ट वर्ष 1959 में चौथी गढ़वाल राइफल्स में भर्ती हुए थे। तीन साल बाद ही चीन से युद्ध लड़ना पड़ा। राइफल मैन बाबा जसवंत सिंह और नायक बलवंत सिंह एक ही सेक्शन में थे। लिहाजा युद्ध के मोर्चे पर भी साथ-साथ तैनात रहे। युद्ध में जसवंत सिंह शहीद हो गए और नायक बलवंत सिंह को छह महीने तक युद्ध बंदी बनना पड़ा था। वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग लेने के बाद वह वर्ष 1969 में रिजर्व सेवानिवृत्त हो गए। लेकिन, वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध होने पर उन्हें फिर सेना में बुलाया गया। सेवानिवृत्त होने के बाद वह दो बार घेस-हिमनी गांव के प्रधान भी रहे। उन्होंने गांव में जूनियर हाईस्कूल और चार बेड का आयुर्वेद अस्पताल खोलने के लिए भरसक प्रयास किया। प्रधान पद से त्यागपत्र देने के बाद वर्ष 1979 में फिर डीएससी में भर्ती हो गए और 15 साल की सेवा के बाद वर्ष 1993 में सेवानिवृत्त हुए।

# सीएम ने किया दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का निरीक्षण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के तहत देहरादून में चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने डाटकाली मंदिर के निकट एलीवेटेड रोड के निर्माण कार्य व टनल का भी जायजा लिया। उन्होंने एनएचएआई को निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे से सबंधित जो भी कार्य होने हैं, उनमें तेजी लाने के लिए एनएचएआइ को जो भी आवश्यक सहयोग चाहिए, वह राज्य की ओर से दिया जाएगा। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के कार्यों के लिए रात्रि में भी अनुमति दी गई है। कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे बनने के बाद दिल्ली से देहरादून की दूरी मात्र दो



से ढाई घंटे में पूर्ण होगी। दिल्ली और उसके आसपास के लोग को उत्तराखंड आने में काफी सुगमता होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस तेज गति से सड़क कनेक्टिविटी बढ़ रही है। इससे आने वाले समय में राज्य में आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर कार्य कर रहे श्रमिकों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि इन श्रमिकों के स्वास्थ्य, रहने व खाने की उचित व्यवस्था की जाए। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि मार्च 2024 तक एक्सप्रेस-वे के कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग अयाज अहमद, जिलाधिकारी सोनिका, अपर सचिव विनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास प्रस्तावों पर की चर्चा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (शासी परिषद) समिति की बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई! बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों के लिए समिति के सदस्यों एवं विभिन्न विभागों से प्राप्त जनकल्याणकारी व विकास कार्यों के प्रस्तावो पर चर्चा हुई ! जिनमें से कुछ प्रस्तावों को समिति द्वारा स्वीकृति दी गई! स्वीकृत



प्रस्ताव स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल से संबंधित थे। जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग को खनन प्रभावित क्षेत्रों में फल कीवी एवं सेब उत्पादन की कार्य योजना के प्रस्ताव तथा सिंचाई विभाग को सिंचाई कार्यों के प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बता दें कि जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से खनन प्रभावित क्षेत्रों में जन कल्याणकारी व विकास परक कार्य कराए जाते हैं।जिनके प्रस्तावो पर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएस हयांकी, मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया, जिला खनन अधिकारी राहुल नेगी आदि उपस्थित थे।

# डीजीपी ने पुलिस जवानों को किया सम्मानित

देहरादून। डीजीपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व 45 हजार रुपये नकद पुरस्कार से पुरुस्कृत किया। गत दिनों साइबर ठगों ने म्यूचुअल फंड के नाम पर कुछ व्यक्तियों से 93 लाख रुपये की ठगी कर दी थी। इस मामले में एसटीएफ ने एक ठग को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया।इस प्रकरण में देश भर में 56 मुकदमे विभिन्न राज्यो में दर्ज हैं। एक अन्य प्रकरण में साइबर अपराधियों ने मैक डोनाल्ड की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ऋषिकेश निवासी एक व्यक्ति से 35 लाख रुपये की ठगी कर ली थी। इस मामले में एसटीएफ ने तीन आरोपितों को बिहार के पटना से गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि साइबर ठगी के मुकदमे दर्ज होने के बाद थानों में लंबित पड़ जाते हैं। जिसके कारण लंबित विवेचनाओं की संख्या बढ़ती रहती है। ऐसे में प्रयास किए जा रहे हैं आइटी एक्ट के मुकदमे इंस्पेक्टर के साथ सब इंस्पेक्टर भी कर सकें। इसके अलावा प्रशिक्षण प्राप्त साइबर कमांडों की ड्यूटी भी इंस्पेक्टर की सहायता करने के लिए लगाई जाएगी।

## पेज एक का शेष...

**रामनगर खलिस्तान का ...**गई। शाम से लोगों के पास विभिन्न भारतीय नंबरों से काल आनी शुरू हो गई। इसमें पन्नू धमकी भरे अंदाज में कह रहा है कि रामनगर भारत का हिस्सा नहीं बल्कि खालिस्तान है। सिख फॉर जस्टिस रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट समेत बैठक के दौरान वहां खालिस्तान के समर्थन में झंडे लगाएगा। इससे पहले पन्नू ने बीते 15 मार्च को अमृतसर में हुए जी20 सम्मेलन को लेकर भी इसी तरह की धमकी दी थी।

**मुख्यमंत्री को भी...**की नजर में नहीं आए हैं। पन्नू अमेरिका में रहता है और न्यूयॉर्क में वकालत करता है। उसे सिख फॉर जस्टिस का चेहरा माना जाता है। पन्नू कई सारी आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है। पन्नू युवाओं को खालिस्तान के लिए भड़काता रहा है। जुलाई 2020 में पन्नू को यूएपीए (गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून) के तहत आतंकवादी घोषित किया गया था।

**साईबर ठग ने झांसे ...**से प्रदर्शित हो रहा था कि शिकायतकर्ता के खाते में रकम ट्रांसफर की जा रही है। इस बीच बिजल्वाण के फोन नंबर पर एक मैसेज आया, जिसमें उनके खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर होने की बात लिखी थी। बिजल्वाण को लगा कि एक लाख रुपये उनके खाते में आ चुके हैं। इसके बाद उन्होंने साइबर ठग के गूगल पे नंबर पर एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उन्होंने खाते का बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उनके खाते में कोई धनराशि नहीं आई। शहर कोतवाल विद्याभूषण नेगी ने बताया कि शिकायतकर्ता के तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

**जी २० समिट कल ...**भरणे ने कहा कि विदेशों से आने वाले मेहमानों की आवाजाही का रूट स्पष्ट है। रूट पर हिंदी और अंग्रेजी साइन बोर्ड लगाए गए हैं। उप्र सीमाओं के अलावा नेपाल बार्डर पर चौकसी बढ़ाई गई है। कुमाऊं और गढ़वाल से 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। नैनीताल के गड़प्पू से ढिकुली तक तीन मेजर जोन व सात सेक्टर में बांटा गया है। ताज व नम रिसार्ट को अलग से सेक्टर बनाया गया है।

**२२ अप्रैल को खुलेंगे...** से होगी। देश-दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए सरकार तैयारियों में जुटी है। बता दें कि अब श्रद्धालु घर बैठे गंगोत्री धाम की आरती देख सकेंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग प्रसाद योजना के तहत मंदिर में उच्च स्तर के कैमरे लगाने जा रहा है जिससे चार धाम यात्रा के दौरान हर दिन उत्तराखंड पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर आरती का सीधा प्रसारण होगा।

**लाभार्थियों को बांटे...**मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, आयुष चिलाना,जगदीश विश्वास, रजत खर्कवाल, सुब्रत बछाड,उपकार सिंह,कौशल विश्वास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जी 20 सम्मेलन से उत्तराखंड के टूरिज्म को मिलेगी वैश्विक पहचान






## कल रामनगर पहुंचेगे विदेशी मेहमान, पंतनगर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत की तैयारियां पूर्ण
## 'वसुधैव कुटुम्बकम 'वन अर्थ वन फैमिली' की अपनी जी 20 प्रेसीडेंसी थीम से प्रेरणा मिलेगी

देहरादून/ ऊधमसिंहगनर( उद ब्यूरो)। जी20 शिखर सम्मेलन के तहत देवभूमि उत्तराखंड में तीन बैठकों का आयोजन होना है, जिसमें से एक कार्यक्रम रामनगर में होना है। उत्तराखंड के रामनगर में होने वाली जी 20 बैठक की प्रसिडेसी में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी समेत अमेरिका,चाईना,जापान सहित 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे । विदेशी मेहमानों के स्वागत के



लिये पंतनगर एयरपोर्ट पर भव्य स्वगत किया जायेगा जबकि यात्र मार्ग को भी दुलहन की तरह सजा दिया गया है। भारत को जी 20 की ऐतिहासिक अध्यक्षता मिलने के बाद पहली बार भारत में विदेशी नेताओं का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिये उत्तराखंड सरकार ने व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली है। विदेशी मेहमान कार्बेट टाईगर रिर्जव नेशनल पार्क के ढिकुली रेंज में भ्रमण कर सकते हैं। पंतनगर में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट ने रामनगर में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने जायजा लेने के बाद उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने शहीद भगत सिंह चौक पर महिला मोर्चा की ओर से बनाई गई रंगोली पेंटिंग का निरीक्षण भी किया। रक्षा राज्य मंत्री

अजय भट्ट ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 सम्मेलन विश्व को नई प्रेरणा देगा। पूरी दुनिया आज भारत के विकसित स्वरूप से प्रभावित हो रही है। ऊधम सिंह नगर और नैनीताल का कायाकल्प हो जाएगा। उन्होंने विदेशी मेहमानों के स्वगत की तैयारियों को लेकर उच्चाधिकारियों से फीडबैक लिया। वहीं उत्तराखंड पुलिस के प्रशासन के अधिकारियों ने पंतनगर से लेकर रामनगर तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। एडीजी लॉ एंड ऑडर वी मुरूगेशन ने ऊधमसिंहनगर में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के साथ पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया। वहीं नेश्नल हाईपे पर सड़कों और चौराहों को चमका दिया गया है जबकि भवनों और इमारतों की दीवारों को भी पेंटिग से सजाया गया है। सड़क मार्ग के किनारे होडिग पर जी 20 के बैनर लगाकर आकर्षक किया गया है। उत्तराखंड की पारम्परिक लोक संस्कृति की झलक दिखाने के लिये तथा प्रकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तराखंड के पर्यटन व जैव विविधता से रूबरू कराने के लिये तैयारियां की गई है। वहीं दूसरी तरफ नैनीताल ट्रैफिक नियंत्रण के लिये यात्रा रूट पर पुलिस प्रशासन ने वी.आई. पी. मूवमेन्ट और भ्रमण के दौरान वी. आई पी रूट नया गांव तिराहा, कोटाबाग तिराहा, बैलपड़ाव तिराहा, हनुमानधाम छोई तिराहा, नया कोसी पुल पूर्वी छोर पाटकोट तिराहा, कोसी बैराज तिराहा, लखनपुर चौराहा, गर्जिया चौकी के सामने तथा शिवलालपुर चुंगी व चोरपानी तिराहे पर लगभग 100 मी. पूर्व बैरियर लगाकर पूर्णत: जीरो जोन किया जायेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को जी 20 आयोजन स्थल पर उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों पर आधाारित स्टॉल, उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और योग व पंचकर्म की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। उन्होंने लोगों से उत्तराखण्डी उत्पादों के स्टॉल लगाये जाने कि अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जी 20 शिखर सम्मेलन के माधयम से उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिला सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपील की है उत्तराखंड पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थान रखता है ऐसे में जी20 बैठक से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। 'वसुधैव कुटुम्बकम' 'वन अर्थ वन फैमिली वन "फ्यूचर' की अपनी जी20 प्रेसीडेंसी थीम से प्रेरणा लेते हुए, भारत के 56 शहरों में 215 बैठकें होंगी। अलग- अलग शहरों में बैठक आयोजित करने का एक मकसद बड़े और विविधाता वाले देश भारत की अमूल्य संस्कृति और धरोहर से विश्व को अवगत करवाना है। भारत को एक पर्यटन बाजार के रूप में विकसित करने के लिए जी20 का आयोजन महत्वपूर्ण है। नैनीताल जिले में गड़प्पू से लेकर ढिकुली तक सात सेक्टर में बांटा गया है। ताज व नम रिसार्ट अलग से सेक्टर बनाया गया है। तीन मेजर जोन हैं। उन्हें बताया गया कि डयूटी पूरी जीरो टोलरेंस होगी। पुलिस कर्मियों की डयूटी की केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी भी निगरानी करेगी। ढिकुली में हो रहे जी 20 सम्मेलन को लेकर डयूटी में लगे पुलिस कर्मियों की कुमाऊं के आईजी नीलेश आनंद भरणे द्वारा ब्रीफिंग की गई। पुलिस कर्मियों को डयूटी से कोई समझौता नहीं करने व प्राफेशनल तरीके से पूरी चौकसी के साथ डयूटी करने के निर्देश दिए गए। सिपाहियों को बिना डंडे के डयूटी नहीं करने के निर्देश दिए गए। डिग्री कालेज के सभागार में रविवार को पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए आईजी नीलेश भरणे ने जिम्मेदार डड्यूटी व कर्तव्य का बोधा कराया। कहा कि वीआईपी मूवमेंट के दौरान फ्लीट निकालना ही डयूटी न समझा जाए। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई के लिए भी चेताया गया। नैनीताल जिले में गड़प्पू से लेकर ढिकुली तक सात सेक्टर में बांटा गया है। ताज व नम रिसार्ट अलग से सेक्टर बनाया गया है। तीन मेजर जोन हैं। उन्हें बताया गया कि डयूटी पूरी जीरो टोलरेंस होगी। पुलिस कर्मियों की डड्यूटी की केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी भी निगरानी करेगी। उन्होंने कहा कि पीएचक्यू से जितना भी पुलिस लाइन में रस्सी, बैरिकेड व अन्य जरूरी सामान मिला है, डयूटी में लगे पुलिस कर्मियों को बंटवा दिया जाए। इस दौरान एसएसपी पंकज भट्ट, एसपी सिटी हरवंश सिंह मौजूद रहे।



## आईजी व एसएसपी ने जी 20 समिट में लगे पुलिस बल को किया ब्रीफ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।डॉ. नीलेश आनंद भरणे आईजी कुमाऊं रेंज द्वारा जनपद नैनीताल के रामनगर में आयोजित होने वाले जी 20 शिखर



सम्मेलन में लगे सभी पुलिस बलों को ब्रीफ किया गया। पंकज भट्ट, एसएसपी द्वारा पुलिस बल को महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। सभी को कड़े सुरक्षा मापदंडों को अपनाने, निर्धरित वर्दी व ड्रेस कोड के साथ बेस्ट टर्नआउट बनाने, कड़ा अनुशासन बनाए रखते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी को अवगत कराया गया यह सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है, देश विदेश के अति विशिष्ट / विशिष्ट अतिथि प्रतिभाग करेंगे। देश के नैनीताल जिले को इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन का अवसर मिला है। विदेश के प्रतिनिधि मंडल और गणमान्य महानुभावों के समक्ष नैनीताल पुलिस की एक बेहतरीन छवि उभकर आनी चाहिए। स्मार्ट और प्रो एक्टिव पुलिसिंग करें। साथ ही हरबंस सिंह, एसपी सिटी द्वारा पुलिस बल को पुलिस सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में बताया गया। सभी को अच्छी ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग में ड्यूटी में लगे समस्त राजपत्रित अधिकारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

